**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विज़डम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 14 अंक: 87 लखनऊ, मंगलवार 12 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## बंटेंगे नहीं तो किसी माई के लाल की हिम्मत नहीं है कि वह काट सके..झारखण्ड में योगी ने फिर भरी हुंकार

संवाददातां

हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बटेंगे तो कटेंगे और एक है तो सेफ है जैसे नारों को लेकर जबरदस्त तरीके से सुर्खियों में हैं। इन सब के बीच आज योगी आदित्यनाथ ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने फिर से जबरदस्त तरीके से हुंकार भरी और साफ तौर पर कहा कि अगर हम बटेंगे नहीं तो किसी भी माई के लाल की हिम्मत नहीं है कि वह काट सके। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र की राष्ट्रभक्त' और' राष्ट्रभक्त' जनता–जनार्दन का असीम उत्साह बता रहा है कि यहां हर ओर सुशासन और समृद्धि का कमल खिलने वाला है। योगी ने साफ तौर पर कहा कि माफियाओं से निपटने के लिए ईमानदारी का जज्बा चाहिए। झारखण्ड ने तय कर लिया है, एकजुट होकर यहां की भ्रष्ट सरकार को बदलेंगे। सत्तारुढ़ गठबंधन पर उन्होंने आरोप लगाया कि झारखण्ड की डेमोग्राफी चेंज की जा रही है, झारखण्ड के अंदर व्यापक पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा है। श्लव




जिहादश और श्लैंड जिहादश के नाम पर अराजक गतिविधियों को पनपाया जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झारखण्ड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा की गारंटी भारतीय जनता पार्टी है।भाजपा नेता ने कहा कि झारखण्ड को आज उसकी पहचान के लिए तरसना पड़ रहा है। कौन हैं यह लोग, जिन्होंने झारखण्ड की अस्मिता को संकट में डालने का काम किया है! उन्होंने कहा कि श्लव जिहादश के नाम पर जनजातीय बेटियों के साथ जिस प्रकार धोखा हो रहा है। इसका जवाब केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने दावा किया कि जो नोट गरीबों के खाते में जाने चाहिए थे, वह झामुमो और इंडी गठबंधन से जुड़े लोगों के घरों में प्राप्त हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों में जो उत्साह, कांग्रेस, झामुमो और राजद गठबंधन की साजिश को नाकाम करने का जो जज्बा दिख रहा है।

## अखिलेश यादव का हमला, युवाओं से धोखा करने वाली बीजेपी को हराना अब वक्त की जरूरत है

संवाददाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला और कार्यकर्ताओं से आगामी उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से जुटने की अपील की। अखिलेश यादव ने बीजेपी पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि यह सरकार जनता से किए गए अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने बीजेपी द्वारा किए गए वादों की याद दिलाते हुए कहा कि सरकार की नीतियां न केवल जनता के लिए नुकसानदायक रही हैं, बल्कि प्रदेश की



कानून–व्यवस्था भी पूरी तरह से खराब हो चुकी है। अखिलेश यादव ने बेरोजगारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार इस मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अखिलेश ने कहा, ष्बीजेपी सरकार युवाओं से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है और इस कारण वे लगातार नाराज हैं।ष उन्होंने कहा कि सपा हमेशा से युवाओं के हक के लिए लड़ती आई है, और आगामी उपचुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर काम करना होगा।

सपा अध्यक्ष ने बीजेपी की नकारात्मक राजनीति पर भी कड़ा विरोध जताया और कहा कि पार्टी देश की जनता के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के प्रयास कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जिस दिशा में बढ़ रही है, वह वही से जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में आगामी उपचुनाव के परिणाम बीजेपी के लिए चिंताजनक हो सकते हैं। उनका दावा था कि बीजेपी को गठबंधन ने पहले भी हराया था और अब पार्टी प्रदेश में पीडीए (प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन) से डरने लगी है। सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने भी इस जनसभा में बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कुंदरकी उपचुनाव के लिए पुलिस को हटाकर एक निष्पक्ष चुनाव करवाना चाहिए। बर्क ने यह भी दावा किया कि बीजेपी की तमाम कोशिशों के बावजूद जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर बना हुआ है, और आगामी उपचुनाव में सपा की जीत सुनिश्चित है। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में भी एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का गुस्सा किसी और वजह से है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि दिल्ली में यह फैसला हो चुका है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री पद की कुर्सी खतरे में आ सकती है। अखिलेश ने बीजेपी की कुटिलता और विनाशकारी मानसिकता की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार केवल विभाजन की राजनीति पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि प्रदेश की असल समस्याओं की ओर उनका कोई ध्यान नहीं है।नौकरी और रोजगार के मुद्दे पर अखिलेश ने बीजेपी पर आरोप लगाया

## करुणानिधि के नाम पर राज्य कल्याण योजनाओं को लेकर चल रहे विवाद पर एनटीके चीफ ने ली चुटकी, स्टालिन का` दी ये सलाह

सीमन की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और एआईएडीएमके एडप्पादी के पलानीस्वामी के बीच श्कलैगनारश योजनाओं को लेकर जुबानी जंग चल रही थी। सीमन के मुताबिक, एआईएडीएमके एक कार्यक्रम शुरू करेगी लेकिन फिर डीएमके उसे पूरा करेगी और



उसका नाम रखेगी। सीमान के लिए, मुख्यमंत्री द्वारा उनके पिता के नाम पर किसी भी परियोजना का नामकरण करने में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन यह उनके स्वयं के खर्च पर किया जाना चाहिए। हर प्रोजेक्ट के लिए अपने पिता का नाम रखें। शौचालय और बार को छोड़कर, आपने सभी का नाम बता दिया है।नाम तमिलर काची (एनटीके) नेता सीमान ने दिवंगत द्रमुक नेता एम करुणानिधि के नाम पर राज्य कल्याण योजनाओं को लेकर चल रहे विवाद पर चुटकी ली। सीमन ने चेतावनी दी कि तमिलनाडु में एक श्तमिजानश (एक मूल तमिल व्यक्ति) को सत्ता हस्तांतरण के बाद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की सत्तारूढ़ पार्टी को तेलंगाना के जगनमोहन रेड्डी के समान भाग्य का सामना करना पड़ेगा। सीमन की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और एआईएडीएमके एडप्पादी के पलानीस्वामी के बीच श्कलैगनारश योजनाओं को लेकर जुबानी जंग चल रही थी। सीमन के मुताबिक, एआईएडीएमके एक कार्यक्रम शुरू करेगी लेकिन फिर डीएमके उसे पूरा करेगी और उसका नाम रखेगी। सीमान के लिए, मुख्यमंत्री द्वारा उनके पिता के नाम पर किसी भी परियोजना का नामकरण करने में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन यह उनके स्वयं के खर्च पर किया जाना चाहिए। हर प्रोजेक्ट के लिए अपने पिता का नाम रखें। शौचालय और बार को छोड़कर, आपने सभी का नाम बता दिया है। सीमान ने पूछा कि इसके बाद सीमन ने चेन्नई में कलैग्नार मेमोरियल पर सार्वजनिक धन के 250 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए डीएमके की आलोचना की। वह 250 करोड़ रुपये किसके थे जिसका उपयोग कलैग्नार स्मारक के निर्माण में किया गया था? क्या आपने इस परियोजना का नाम पंडितुराई या वीओ चिदंबरनार के नाम पर रखा था जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी संपत्ति बेच दी थी?

## सनातन बोर्ड के गठन की मांग, देवकीनंदन ठाकुर ने की सरकार से अपील

एजेंसी।

देवकी नंदन ठाकुर ने सरकार से यह भी मांग की कि देश भर के कृष्ण मंदिरों का निर्माण कराया जाए, पुजारियों और मंदिरों में सेवा में लगे कर्मियों को 15–15 हजार रुपये का मासिक वेतन दिया जाए, और सभी मंदिरों में धर्माचार्यों को ही पुजारी के रूप में नियुक्त किया जाए। लखनऊ। सनातन न्यास फाउंडेशन के अध्यक्ष और प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने 11 अक्टूबर को हजरतगंज स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में एक अहम एलान किया। उन्होंने बताया कि सनातन न्यास फाउंडेशन 16 नवंबर को दिल्ली के शाहदरा में एक भव्य धर्म संसद का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें सनातन धर्म की रक्षा के लिए सरकार से सनातन बोर्ड के गठन की मांग की जाएगी। देवकीनंदन ठाकुर ने इस मौके पर पूर्व सरकारों की नीतियों पर कड़ी आलोचना की और कहा कि पिछले 75 वर्षों में एक विशेष समुदाय के हितों की पूर्ति की गई है, जबकि हिंदू समाज के धार्मिक अधिकारों और मंदिरों की अनदेखी की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब वही लोग हमारे मंदिरों पर अपना दावा कर रहे हैं, और भविष्य में वे संसद तक का दावा कर सकते हैं। इसलिए, उन्होंने केंद्र सरकार से सनातन धर्म के हितों की रक्षा के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करने की अपील की।साथ ही, देवकीनंदन ठाकुर ने सरकार से यह भी मांग की कि देश भर के कृष्ण मंदिरों का निर्माण कराया जाए, पुजारियों और मंदिरों में सेवा में लगे कर्मियों को 15–15 हजार रुपये का मासिक वेतन दिया जाए, और सभी मंदिरों में धर्माचार्यों को ही पुजारी के रूप में नियुक्त किया जाए। उन्होंने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी आवश्यकता जताई।

## दिल्ली बिजेपी का आरोप, वालंटियर्स के जीवन से खिलवाड़ कर रही है आतिशी सरकार

एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के स्पष्ट आदेश के बाद भी मुख्य मंत्री आतिशी मार्लेना सरकार ने 1 नवम्बर से सिविल डिफेंस वॉलंटियरस जो अक्टूबर 2023 तक बस मार्शल के रूप में काम करते थे को ड्यूटी पर बहाल नही किया और आज 11 नवम्बर से ड्यूटी देने का वादा भी पूरा नही किया है। सचदेवा ने कहा है कि आज जब मुख्य मंत्री सुआतिशी मार्लेना एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज की प्रेस कॉन्फ्रेंस की सूचना आई तो हमे लगा की सरकार अपने वादे अनुसार आज से वॉलंटियरस को 4 माह की ड्यूटी दे देगी और साथ ही उन्हे नियमित करने के लिए कमेटी बननाने की घोषणा करेगी पर दुखद है की आज भी मुख्य मंत्री ने सिविल डिफेंस वॉलंटियरस को ड्यूटी नही दी बल्कि केवल राजनीतिक दोषारोपण आलाप किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पहले केजरीवाल सरकार ने सिविल डिफेंस वॉलंटियरस की नौकरी से खिलवाड़ किया और अब मार्लेना सरकार वॉलंटियरस के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह आश्चर्यजनक है की आज भी आतिशी मार्लेना ने बजाए उपराज्यपाल का पालन कर वॉलंटियरस को प्रदूषण उन्मूलन ड्यूटी जिसकी प्रशासनिक एवं बजट स्वीकृति है पर लगवाने में शीघ्रता करने की जगह उन्हे पुनः



बस मार्शल लगाने की फाइल का मुद्दा उठा दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि सिविल डिफेंस वॉलंटियरस को भर्ती करके बस मार्शल लगाते हुए केजरीवाल सरकार ने प्रशासनिक नियम पूरे नही किए थे और उसी के परिणामस्वरूप खुद अरविंद केजरीवाल को इनकी 31 अक्तूबर 2023 से बर्खास्तगी के आदेश जारी करने पड़े थे और आज फिर उसी बस मार्शल नियुक्ती के सपने को वॉलंटियरस को दिखा आतिशी मार्लेना ने उन्हे उपराज्यपाल के नियुक्ति आदेश के बावजूद गत 11 दिन से उनको बेरोजगार बना रखा है।

दिल्ली भाजपा मांग करती है कि आतिशी मार्लेना सरकार वॉलंटियरस से बात कर उन्हे पहले अस्थाई नियुक्ति दे और फिर तुरंत इनको स्थाई नियुक्ति की फाइल चलाये।

## अनुसूचित जनजातियों के चौमुखी विकास हेतु सरकार कटिबद्ध

### ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत प्रदेश में जनजातीय ग्रामों को मूलभूत सुविधाओं से अच्छादित किया जा रहा

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश सरकार अनुसूचित जनजातीय के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है। राज्य सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे– आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि उपलब्ध करा रही है।

प्रदेश के समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए संचालित ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' की जानकारी देते हुए बताया कि ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को किया। इस योजना से देशभर में 63,000 से अधिक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा आकांक्षी जनपदों के जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों के 25 "चमबपपिमक प्दजमतअमदजपवदे से संतृप्त किया जा रहा है। असीम अरूण ने बताया कि प्रदेश में 500 या उससे अधिक जनसंख्या के ग्राम जिसमें अनुसूचित जनजाति की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या हो, इस योजना से आच्छादित होंगे। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश में कुल 26 जनपदों में अम्बेडकर नगर, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, चन्दौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, लखीमपुर–खीरी, कुशीनगर, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रयागराज, संतकबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र के 47 ब्लाक व 517 ग्रामों को चिन्हित किया गया है।

समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के क्रियान्वयन हेतु जनजाति विकास विभाग के साथ 17 अन्य विभागो जिसमें ग्राम्य विकास, जलापूर्ति, विद्युत, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, आयुष, दूरसंचार, व्यवसायिक एवं कौशल शिक्षा विभाग, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और किसान कल्याण, मत्स्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पंचायती राज विभाग तथा पर्यटन विभाग मिलकर कार्य कर रहें है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत जनजाति विकास विभाग द्वारा बहुउद्देशीय मार्केटिंग सेंटर की स्थापना करायी जाएगी। इन सेन्टरों पर जनजाति उत्पादों के संकलन, प्रसंस्करण, विपणन (।हहतमहंजपवद्ध टंसनम ंकपपजपवद ंदक डंतामजपदह वि ज्तपइंस च्तवकनबमे च्वतकनबजे) की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति हेतु संचालित आश्रम पद्धति विद्यालयोंध छात्रावासों तथा अन्य राजकीय आवासीय विद्यालयों, जो अनुसूचित जनजाति हेतु संचालित किए जा रहे हैं, के उच्चीकरण तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

## अयोध्या में भास्कर भवन का 2.95 करोड़ रुपए से होगा जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

लखनऊ(आरएनएस)। राम नगरी अयोध्या स्थित भास्कर भवन का 2.95 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 2 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इससे आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगीं। इस बात की जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। मौजूदा वर्ष 2024 में जनवरी से जून के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 33 करोड़ पर्यटक आए, जिनमें से लगभग 11 करोड़ पर्यटकों ने अयोध्या का दौरा किया। इसी को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग अयोध्या में पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भास्कर भवन का विशेष महत्व है। यह तीर्थ स्थान ऋषि–मुनियों की तपोस्थली रही है। राम नवमी, दशहरा, दुर्गा पूजा और पूर्णिमा आदि अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसको देखते हुए पर्यटन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## पालि साहित्य सम्मेलन-2024 के समापन कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया

लखनऊ(आरएनएस)। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग (उ.प्र.) एवं पर्यटन विभाग (उ.प्र.) के संयुक्त तत्त्वावधान में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के अन्तर्गत 'पालि साहित्य सम्मेलन–2024' का आयोजन दिनांक 09 से 11 नवम्बर, 2024 की अवधि में बुद्ध विहार शान्ति उपवन, आलमबाग (लखनऊ) में संपन्न हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन, समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि असीम अरुण, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि मैडम रिनचेन ल्हामो, माननीय सदस्य एन.सी.एम. दिल्ली, हरगोविन्द बौद्ध, का० अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान तथा मुख्य वक्ता डॉ दीपक वोहरा, विशेष सलाहकार, मेड इन भारत, अफ्रीका थे।

सम्मेलन के तीसरे दिन (समापन दिवस) के कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन 11 नवंबर को चार सत्रों में 30 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिनकी अध्यक्षता प्रो0 अरूण कुमार यादव, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने की। आपने बताया कि पालि भाषा बौद्ध धर्म के समझने के लिए तथ्यात्मक आधार बनी हुई है।

समापन कार्यक्रम में हरगोविन्द बौद्ध जी ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा बताया कि पालि भाषा जो लुप्तप्राय हो रही थी, उसको जनमान्य की भाषा बनाये जाने की दिशा में मा0 प्रधानमंत्री द्वारा पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान कर एक सार्थक प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ० दीपक बोरा जी ने पावर पॉइंट्स प्रजेंटेशन (पी0पी0टी0) के माध्यम से बौद्ध धर्म की वर्तमान में उपयोगिता तथा विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत किया। आपने बताया कि भारत के नागरिक अपने लिए ही नही, बल्कि पूरी दुनियां के लिए जीते हैं। यहाँ के हर नागरिक में भारत बसता है। मैडम रिनचेन ल्हामो जी बताया कि भगवान बुद्ध के वचनों को सुरक्षित रखने के लिए मा0 प्रधानमंत्री जी ने पालि भाषा को शास्त्रीय दर्जा प्रदान किया इसके साथ ही बौद्ध शिक्षा एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार हेतु भारत सरकार निरन्तर सार्थक प्रयास कर रही है। असीम अरुण, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जी ने बताया कि भगवान बुद्ध ने सामाजिक भेदभाव, जाति–पाति और धार्मिक कर्मकांडों के खिलाफ समता का सन्देश दिया। सभी को भगवान बुद्ध के मूल संदेशों को समझने के लिए पालि का अध्ययन करना चाहिए। राजेश चंद्रा ने पूज्य भदन्त ज्ञानज्योति महाथेरो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। पूज्य भदन्त ज्ञानज्योति महाथेरो को सद्धम्म, पालि भाषा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट और अमूल्य शैक्षणिक व सामाजिक सेवाओं, उपलब्धियों व अध्ययन, अनुसंधान एवं व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु सद्धम्म गौरव सम्मान माननीय अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञानज्योति महाथेरो ने बताया कि सभी को शुद्ध चित्त से कार्य करना चाहिए।

# उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्री प्रबंधन में पाई सफलता

## इस त्यौहारी सीजन के दौरान, उत्तर रेलवे ने 6 करोड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान की, 3500 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां संचालित कीं

## यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के बड़े प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत देश भर में 7,724 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया गया, जिससे 20 करोड़ यात्रियों को मिली सुविधा

नई दिल्ली उत्तर रेलवे ने दीवाली और छठ पूजा के दौरान अभूतपूर्व यात्री संख्या को सफलतापूर्वक संभालते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। इस अवधि में उत्तर रेलवे ने लगभग 6 करोड़ यात्रियों को सुविधाएं दीं। यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए, उत्तर रेलवे ने 3,500 से ज्यादा विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया, जिससे 6 करोड़ यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सकी। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के समग्र प्रयास का हिस्सा है, जिसमें देश भर में 7,724 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया गया, जिससे 20 करोड़ यात्रियों को सफर की सुविधा मिली। गौरतलब है कि भारतीय रेलवे ने 4 नवंबर 2024 को एक दिन मे 3 करोड़ से अधिक यात्रियों को यात्रा कराई जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक है।उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, ष्हम इस त्यौहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को सफलतापूर्वक संभालते हुए यात्री



परिवहन में एक नया मानक स्थापित करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और संतुष्टि बनी रहेगी, और हम कुशल और परेशानीमुक्त रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। त्यौहारों के इस मौसम में उत्तर रेलवे ने विशेष प्रबंध किए। रेलवे स्टेशनों पर एक मिनी कंट्रोल स्थापित कर यात्रियों की लगातार निगरानी की गई। घोषित विशेष रेलगाड़ियों के अलावा, मांग के अनुसार अनारक्षित रेलगाड़ियां भी चलाई गईं ताकि यात्रियों को स्टेशन पर ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े। महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों को प्लेटफॉर्मों पर जाने से रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। इन क्षेत्रों में यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ी स्क्रीन पर रेलगाड़ी की जानकारी और मनोरंजन की व्यवस्था, अतिरिक्त विशेष टिकट काउंटर, एटीवीएम, आरपीएफ हेल्पडेस्क, और प्लेटफॉर्मों तथा रेलगाड़ियों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला स्टाफ सहित अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई। मनीला रस्सियों का उपयोग करके प्लेटफॉर्मों पर भीड़ को व्यवस्थित किया गया, और आरपीएफ कर्मियों ने हाथ से पकड़े जाने वाले लाउडस्पीकर का उपयोग करके जीएस कोचों में यात्रियों के प्रवेश को नियंत्रित किया। आरक्षित कोचों में अवैध प्रवेश को रोकने, ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर रोक, धूम्रपान और गंदगी पर नियंत्रण जैसे कड़े उपाय किए गए। टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती भीड़ प्रबंधन के लिए फुटओवर ब्रिज, प्रवेशधनिकास, प्लेटफॉर्म, बुकिंग ऑफिस और अन्य स्थानों पर की गई। प्लेटफॉर्मों पर खान–पान के लिए फूड स्टॉल लगाए गए और जनता खाना भी उपलब्ध कराया गया। विशेष रेलगाड़ियों और अतिरिक्त कोचों की समय–समय पर घोषणाएं की गईं। संचालन की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तर रेलवे ने स्टेशन प्रबंधकों को आखिरी मिनट में प्लेटफॉर्म बदलने से बचने का निर्देश दिया। त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के लिए विशेष प्लेटफॉर्म आवंटित किए गए। उत्तर रेलवे ने यात्री सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी और स्टेशनों व रेलगाड़ियों में कड़े यात्री प्रबंधन उपाय लागू किए। रेलवे के समर्पित कर्मचारियों ने यात्रियों के लिए एक आसान और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम किया। fgek'k 'k[kj mik/;k;½ e[; tulid vf/kdkjh

# हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र सूची की गयी सार्वजनिक

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया को सार्वजनिक कर दिया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा प्रमाणित विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। यह सूची, जिसमें छात्र आवंटन की जानकारी भी शामिल है, जनपद के अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु परिषद की वेबसाइट नचउेचण्मकनण्पद पर जिला विद्यालय निरीक्षक के पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि यदि किसी संस्था के प्रधानाचार्य या प्रबंधक को परीक्षा केंद्र निर्धारण में किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत है, तो वे निर्धारित प्रारूप में अपना प्रत्यावेदन ऑनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल नचउेचण्मकनण्पद पर 14 नवम्बर 2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में आपत्तियों के लिए आवश्यक साक्ष्य और युक्तियुक्त कारण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस निर्धारित तिथि के बाद कोई भी प्रत्यावेदन मान्य नहीं होगा। इस प्रकार की किसी भी आपत्ति के समाधान हेतु परिषद द्वारा जारी प्रारूप का पालन करना होगा ताकि इसे जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे प्रधानाचार्य या प्रबंधक से प्राप्त आपत्तियों का सम्यक् परीक्षण करें। आपत्तियों का समय पर निस्तारण करते हुए, तर्कसंगत एवं औचित्यपूर्ण पाई गई आपत्तियों पर अंतिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सभी आपत्तियों का निस्तारण कर, इनकी आख्या एवं संस्तुति के साथ 23 नवम्बर 2024 तक परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन रूप से अग्रसारित किया जाएगा।

# 'ग्राम चौपालों में 04 लाख 27 हजार से अधिक समस्याओंप्रकरणों का किया गया निस्तारण'

## 'अब तक 01 लाख 07हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन'

## 'शुक्रवार को 1210 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन'

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या–गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1210ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3080 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3194 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5544 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 66 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 07 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 76 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 27 हजार से अधिक समस्याओंध्प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# सर्वोदय विद्यालयों में जोन स्तरीय खेल महाकुंभ: प्रतिभा को निखारने का मंच, जोश और जुनून का संगम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालयों में 11 से 13 नवंबर तक जोन स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की खेल प्रतिभा को निखारना और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें तैयार करना है।प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलों से सर्वोदय विद्यालयों की टीमों को छह जोनों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों की टीमें विभिन्न खेलों जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, और एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक) में भाग लेंगी। प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, सफेद जूते और मोजे पहनकर अपने मंडल के विद्यालय के फ्लैग के साथ मार्च पास्ट में भाग लेना होगा। खिलाड़ियों को पहचान पत्र और 4•4 इंच का चेस्ट नंबर लेकर आना अनिवार्य है, जो उनके विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा जारी किया गया होगा।खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग की पहल समाज कल्याण विभाग का प्रयास है कि इन विद्यालयों के छात्रों को शिक्षा के साथ–साथ खेल की बेहतर सुविधाएं भी मिलें। विभाग के इस प्रयास से इन बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ रही है, साथ ही वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इन खेल–कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चों को अनुशासन, टीम भावना, और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का भी अनुभव प्राप्त होता है।विशेष खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण की व्यवस्थासमाज कल्याण विभाग ने सर्वोदय विद्यालयों में खेल की सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता दी है। विद्यालयों में प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षकों की देखरेख में बच्चों को नियमित अभ्यास कराया जाता है। प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों को उच्च स्तर की खेल किट्स (टी–शर्ट और हाफ पैंट) प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, रेफरी और खेल अधिकारियों की मदद से खेलों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जोनों के फ्लैग कलर्सप्रत्येक जोन के लिए अलग–अलग फ्लैग कलर निर्धारित किए गए हैं ताकि पहचान में आसानी हो। बालक वर्ग में जोन 1 (आगरा) का फ्लैग गुलाबी, जोन 2 (मेरठ) का नीला, जोन 3 (प्रयागराज) का नारंगी, जोन 4 विंध्याचल का पीला, जोन 5 गोरखपुर का केसरिया और जोन 6 लखनऊ का आसमानी रंग का होगा। इसी तरह बालिका वर्ग में जोन 1 (बरेली) का फ्लैग लाल, जोन 2 (प्रयागराज) का नारंगी, जोन 3 (गोरखपुर) का केसरिया, जोन 4 लखनऊ का आसमानी रंग का होगा।प्रतिभागियों के ठहरने और खान–पान की व्यवस्थाजोन स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान सभी जोन प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खिलाड़ियों के ठहरने, खाने–पीने और खेल मैदान की उचित व्यवस्था करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। हर विद्यालय के प्रधानाचार्य को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके छात्रों की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।समापन समारोह में विशेष अतिथियों का स्वागत प्रतियोगिता के शुभारंभ और समापन समारोह के अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, जिला स्तर के अधिकारियों, और मंडल स्तर के उच्च अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। इससे छात्रों में उत्साह का संचार होगा और उन्हें खेलों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी।समाज कल्याण विभाग राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह प्रतियोगिताएं न केवल छात्रों के खेल कौशल को निखारेंगी, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने के लिए भी प्रेरित करेंगी। समाज कल्याण विभाग का यह प्रयास छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए एक सशक्त कदम साबित होगा।

# नवाचारी शिक्षण विधियां एवं गणित किट प्रयोग हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

बस्ती (आरएनएस)। सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के गणित शिक्षको का नवाचारी शिक्षण विधियां एवं गणित किट प्रयोग हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य ने प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे केंद्र बिंदु में विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे होते है, इसलिए हमें गणित विषय को उनकी रुचि से जोड़कर खेल–खेल में पढ़ाना चाहिए। उन्होंने शिक्षण विधियों का प्रयोग करते हुये प्रभावी शिक्षण कार्य करने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया। प्रशिक्षण प्रभारी व प्रवक्ता अलीउद्दीन ने कहा कि छोटे बच्चों को टीएलएम का प्रयोग करके गणित बहुत आसानी से पढ़ाया जा सकता है तथा परिषदीय विद्यालयों अध्ययनरत बच्चों में गणित की अवधारणाओं को विकसित करने में रिमीडियल टीचिंग का भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। प्रशिक्षण के सन्दर्भदाता हरेंद्र यादव, बालमुकुन्द, अनूप सिंह और अमरेन्द्र चौधरी के द्वारा गणित की नवाचारी शिक्षण विधियां, शिक्षण विधियों की आवश्यकता एवं महत्व, गणित किट का परिचय एवं कक्षा में प्रयोग, रिमीडियल गणित का परिचय एवं आवश्यकता, गणित शिक्षण में आने वाली कठिनाइयां आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर डॉ गोविंद प्रसाद, डॉ रविनाथ त्रिपाठी, इमरान, कुलदीप चौधरी, सरिता चौधरी, वर्षा पटेल, वंदना चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम, लगाये पौध, दिया संदेश

बस्ती (आरएनएस)। नेहरू युवा केन्द्र माय भारत द्वारा सोमवार को मिश्रौलिया स्टेट के निकट ग्रीन वैली स्कूल के परिसर में जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के संयोजन 'में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की कड़ी में पौधरोपण किया गया। कहा कि सघन पौधरोपण और हरियाली के द्वारा ही हम जीवन को बचा सकेंगे। पर्यावरण प्रदूषण बड़ी चुनौती है।आम, आंवला, अमरूद, नेबू आदि के पौध रोपने के साथ ही उनके सुरक्षा का प्रबन्ध किया गया है। ग्रीन वैली के डायरेक्टर डा. अजीत सिंह ने कहा कि जो पौध रोपे गये हैं उनकी पूरी सुरक्षा करायी जायेगी जिससे वे फले फूले। हरियाली के बिना जीवन अधूरा है। पौधरोपण के दौरान मुख्य रूप से ओम प्रकाश मिश्र, मनोरमा चौधरी, शिव कुमार मौर्य, राजेश विश्वकर्मा, काजल, रूचि श्रीवास्तव, पूजा के साथ ही प्रधानाचार्य संध्या और स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने योगदान दिया।

# शिक्षा मित्रों के पेंन्शन, वरिष्ठता, स्कूलों में इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प को रीबोर कराये जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बस्ती (आरएनएस)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में सोमवार को संघ पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने अतिरिक्त उप जिलाधिकारी रश्मि यादव के माध्यम से जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि 1 अप्रैल 2005 से पूर्व शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत समायोजित शिक्षकों का पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने हेतु विकल्प पत्र भरवाया जाय और परिषदीय विद्यालयों में सरकारी इण्डिया मार्का नल, हैण्ड पम्प को रीबोर कराया जाय।ज्ञापन सौंपने के बाद संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि शिक्षा मित्रों का विकल्प पत्र भरवाकर उनकी सूची सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने हेतु भेजा जाय और वरिष्ठता सूची में उनका नाम शिक्षा मित्र के रूप में नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता सूची में भी शासनादेश के अनुसार शामिल किया जाय। कहा कि प्रदेश के अनेक जनपदों में शासनादेश के अनुसार शिक्षा मित्रों की सूची भेज दिया गया है किन्तु बस्ती में अभी यह कार्य अटका हुआ है। डीएम को दिये ज्ञापन में परिषदीय विद्यालयों में सरकारी इण्डिया मार्का नल, हैण्ड पम्प को रीबोर कराये जाने की मांग किया गया है। अधिकांश विद्यालयों में इण्डिया मार्का नल खराब हैं, पीला पानी आता है जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। तत्काल प्रभाव से इसे सही कराये जाने का आग्रह किया गया है। पत्र में विकास खण्ड गौर के साथ ही अनेक स्कूलों की सूची में उपलब्ध करायी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, अभय सिंह यादव, राजकुमार सिंह, रजनीश मिश्र, जर्नादन शुक्ल, नवीन चौधरी, प्रदीप चौहान के साथ ही अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल रहे।

# चपरासी की शिकायत पर बीईओ सस्पेंड

## कांडा के शिक्षकों ने जताया रोष

प्रयागराज। मांडा के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राजीव प्रताप सिंह को चपरासी की शिकायत पर निलंबित कर दिया गया है। एडी बेसिक कामताराम पाल ने निलंबन आदेश जारी करते हुए आरोपों की जांच शिक्षा निदेशालय के उप शिक्षा निदेशक (विज्ञान) को सौंपी है।बीईओ कार्यालय मांडा के परिचारक ज्योति प्रकाश ने सात अक्तूबर 2023 को बीईओ राजीव प्रताप सिंह के खिलाफ शिकायती पत्र भेजा था। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के 26 दिसंबर 2023 के आदेश पर मंडलीय सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक से जांच कराई गई। मंडलीय सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक की 18 सितंबर 2024 की जांच रिपोर्ट में शासन के निर्देशों का अनुपालन न करने, निपुण भारत मिशन, वित्तीय रख–रखाव, शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रध्अध्यापकों की उपस्थिति एवं एमडीएम की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने और कम्पोजिट ग्रान्ट, खेलकूद सामग्री, पुस्तकालय की पुस्तक, विद्युतीकरण, किचेन फेन्सिग आदि का कार्य अपनी परिचित फर्मों से कराकर भुगतान करने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी मिलने के कारण बीईओ राजीव प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन अवधि में राजीव प्रताप सिंह बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रयागराज सम्बद्ध रहेंगे।

बीईओ पर हुई कार्रवाई के बाद शिक्षकों में काफी रोष है। मांडा ब्लॉक के शिक्षक संघ के अध्यक्ष मूचकुंद मिश्र ने बताया कि ईमानदार अधिकारी पर कार्रवाई की गई है। यह बेहद अफसोस जनक है।

# रोटरी क्लब मिडटाउन ने आयोजित की यूजीआई टोस्टमास्टर्स क्लब की बैठक

प्रयागराज। रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन ने यूजीआई टोस्टमास्टर्स क्लब के साथ मिलकर होटल कसबा में एक बैठक का आयोजन किया। टोस्टमास्टर्स इंटरनेशनल एक गैर–लाभकारी शैक्षिक संगठन है, जो अपने वैश्विक क्लब नेटवर्क के माध्यम से सार्वजनिक बोलने के कौशल को बढ़ावा देता है और आत्मविश्वास निर्माण के साथ साथ नेतृत्व विकास में सहयोग प्रदान करता है। इस संयुक्त बैठक में उपस्थित सदस्य और अतिथि एक नेटवर्किंग ब्रेक के दौरान एक–दूसरे से परिचित हुए और आपस में बातचीत की।बैठक का शुभारंभ रोटरी मिड टाऊन क्लब की अध्यक्षा राधा सक्सेना और क्लब सचिव नीरूज चुग द्वारा हुआ। जिसके पश्चात टोस्टमास्टर रचित और टोस्टमास्टर आकांक्षा के प्रतिनिधित्व के साथ टोस्टमास्टर और रोटेरियन डॉ दिव्या बरतरिया ने टोस्टमास्टर ऑफ द डे की कमान संभालते हुए सभा की संरचना समझाते हुए सभा का शुभारंभ किया। षप्रिपेयर्ड स्पीचष और ष्टेबल टॉपिक्स स्पीचष सेशन के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी वक्तव्य प्रस्तुति और सार्वजनिक बोलने की कला का प्रतिभावान प्रदर्शन किया। टेबल टॉपिक्स के माध्यम से दर्शकों को सभा में बोलने में आगे आने और तात्कालिक बोलने की कला को सुधारने का एक मजेदार तरीका रहा जिसका सभी ने आनंद लिया। सर्वश्रेष्ठ वक्ता प्रिपेयर्ड स्पीच टोस्टमास्टर सौम्या सिंह, सर्वश्रेष्ठ वक्ता टेबल टॉपिक्स सेशन संस्कार स्कूल के शिक्षार्थी, संस्कृति और संकल्प, सर्वश्रेष्ठ मूल्यांकनकर्ता में टोस्टमास्टर मोहम्मद अबुजर तथा अन्य कैटेगरीज में टेबल टॉपिक्स मास्टर टोस्टमास्टर अनुशिका, सर्वश्रेष्ठ भाषा मास्टर टोस्टमास्टर याशिका को पुरस्कृत किया गया।

# आध्यात्मिक रामायण मेला 11 नवंबर से

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन प्रयागराज और जिला पर्यटन संस्कृति परिषद प्रयागराज के सहयोग से श्रृंगवेपुरधाम में 35वां राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजित किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक मेला 11 से 15 नवंबर तक चलेगा, मेले का उद्घाटन अपराह्न 1 बजे से होगा और इसका समापन 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर होगा। मेले में अविरल श्रीरामकथा, श्रीराम लीला का भव्य मंचन, लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम, पोस्टर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता, रामायण ज्ञान प्रतियोगिता, पुस्तक वमोचन, संगोष्ठी तथा पत्रकार सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा। मेले में शामिल होने वाले गण्यमान्य जनों में श्रीमद् प्रयाग पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य धराचार्य, प्रथम महिला महामंडलेश्वर शंकराचार्या स्वामी हेमानंद गिरि, प्रो. शंभूनाथ उपाध्याय, पूर्व शिक्षा मंत्री नरेंद्र सिंह गौर, क्षेत्रीय विधयक गुरु प्रसाद मौर्य और केशरी देवी पटेल शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ. बाल कृष्ण पाण्डेय, अध्यक्ष राष्ट्रीय रामायण मेला श्रृंगवेरपुरधाम ने कहा कि यह मेला राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विश्व शांति के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# युवाओं के सत्य देश की दिशा को तय करते हैं– संजय जी

हरदोई स्वामी कल्याणानंद समाज कल्याण शिक्षा समिति न्योरादेव हरदोई द्वारा संचालित स्वामी कल्याणानंद पी0जी0 कालेज के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव में सोमवार को आरएसएस अवध प्रांत के सह प्रांत प्रचारक संजय ने कहा किषजितना हम पढ़ाई में ध्यान लगाते हैं, उतना ही आवश्यक है सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में उसके उद्देश्य को मनन करना।बच्चों को मोबाइल के एडिक्शन के बारे में चर्चा करने से ही नहीं बल्कि उन्हें सकारात्मक पहलुओं में प्रेरक बनकर, उदाहरण पेश कर उन्मुख करना चाहिए,बताना होगा जाह्नवी पवार जैसी छोटी बच्ची ने इसी के बल पर नाम रोशन किया,सृजनात्मक कार्यों में लगाना चाहिए, बच्चों से केवल यह कहने से नहीं होगा।यदि कोई भ्रष्ट कार्यों में लिप्त है उसे चोर कहने से कुछ नहीं होगा बल्कि उसके बढ़ावे में हम सबका मूक सहयोग,बढ़ावा निहित रहा, बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम शैक्षिक स्वाध्याय और चिंतन को करने में सहायक सिद्ध होते हैं। स्वामी कल्याणानंद पी0जी0 कालेज में स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ संजय जी सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अवध प्रांत एवं संस्थापक हर्षवर्धन सिंह द्वारा सरस्वती माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय जी सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अवधा प्रांत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अंजू आनंद प्रवक्ता आर्य कन्या महाविद्यालय हरदोई, विशिष्ट अतिथि संजीव खरे जिला कार्यवाह , श्रीमती कीर्ति सिंह प्रबंधक आर0आर0 इंटर कालेज एवं बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल हरदोई, रवि प्रकाश जिला प्रचारक हरदोई, डॉ अरविंद कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय टोडरपुर, डॉ नितिन बाजपेई प्रवक्ता राजकीय महाविद्यालय हरदोई, डॉ दीप्त वर्ण सिंह गौर जिला पर्यावरण प्रमुख हरदोई, डॉ सुशील मिश्रा, गोविंद सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीकृष्ण शास्त्री पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा हरदोई की गरिमामई उपस्थिति रही । कार्यक्रम में आए हुए सभी प्रमुख अतिथियों का परिचय संस्थापक हर्षवर्धन सिंह द्वारा कराकर सभी आए अतिथियों का आभार प्रकट किया और अपने उद्बोधन में बताया कि स्वामी कल्याणानंद समाज कल्याण शिक्षा समिति न्योरादेव द्वारा शिक्षा के क्षेत्र बहुत सी संस्थाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी कल्यानानंद पी0 जी कालेज की स्थापना नवम्बर 2011 में की गई थी जिसका स्थापना वर्ष लगातार संस्था द्वारा मनाया जा रहा है जिसमें खेल कूद प्रतियोगिता, रंगोली प्रश्न मंच व वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पुरस्कार वितरण एवं आशीर्वचन में एम एल सी अवनीश सिंह, नीरज जादौन पुलिस अधीक्षक हरदोई उपस्थित रहे। महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में आयोजित सभी प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान किया गया ।इस कार्यक्रम में स्वामी कल्याणानन्द पीजी कॉलेज एवं राजेन्द्र सिंह इंटर कॉलेज न्योरादेव एवं एस0 के0 एस0 इंग्लिश मीडियम स्कूल न्योरादेव एवं शकुंतला देवी इंटर कालेज सवायजपुर के छात्र एवं छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत,बम बम भोले, स्कूल नहीं जाना सोशल मीडिया कार्यक्रम , नाटक अनपढ़ नेता नाटक स्कूल टीचर, शुभ दिन आयो रे, नृत्य चौगादा तारा रंगीला तारा, नृत्य चींटियां कलाइयां , नृत्य सलामे इश्क आदि झाकियों का प्रदर्शन नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई जो बहुत ही मनमोहक ढंग से सभी छात्रा छात्राओं एवं समाज से अंधविश्वास को समाप्त कर शिक्षा की ओर प्रेरित करती है। प्रतियोगिताओं के परिणाम एवं पुरस्कार का वितरण उप जिलाधिकारी सदर सुशील मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सुधीर सिंह, डॉ अलका गुप्ता, डॉ अभिषेक सिंह सेंगर, यशवर्धन सिंह,स्वामी संतोष दास जी नैमिष,हृदयेश वर्धन सिंह ,संजीव सिंह,हरि शंकर पाण्डेय, सचिन सिंह, शिवेंद्र सिंह ,मृदुला सिंह ,पल्लवी सिंह, प्राची सिंह तथा महाविद्यालय एवं राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज का समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं व अभिभावक गण एवं क्षेत्रवासी तथा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 12 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# गणित प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा 'स्टेट चैम्पियन'

लखनऊ, 11 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्रा अर्शी शर्मा ने राज्य स्तरीय एबेकस एवं मेंटल अर्थमेटिक कम्पटीशन में 'स्टेट चैम्पियन' का खिताब अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक प्रोग्राम यूनिवर्सल कान्सेप्ट ऑफ मेन्टल अर्थमेटिक सिस्टम (यूसीएमएएस – यूपी चौप्टर) के तत्वावधान में आयोजित हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिष्ठित विद्यायों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने महज 8 मिनट में 200 सवालों के सटीक जवाब निकालकर



गणित में अपनी महारत सिद्ध करने के साथ ही बौद्धिक व तार्किक प्रतिभा का परचम लहराया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने अर्शी की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए चौंपियन्स ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सी.एम.एस. अपने छात्रों को देश–विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# निगम से सम्बंधित शिकायतो का तत्काल हो निस्तारण-शशांक चौधरी,नगर आयुक्त

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

आम जनता के साथ पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि की शिकायतों के निस्तारण में हीला–हवाली को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों को हिदायत देते हुए स्पष्ट किया है कि वाट्स एप के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों के निस्तारण 48 घंटे में करते हुए इसकी रिपोर्ट भी भेजे अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारी को शासकीय कार्य में रुचि न लेने का दोषी मानते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।



नगर आयुक्त श्री चौधरी ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों के स्तर से आने वाली शिकायत से सभी अधिकारियों को तत्काल उनके व्यक्तिगत और आफिशियल वाट्स एप के माध्यम से अवगत करा दिया जाता है। इसका निस्तारण 48 घंटे में करना होता है।

इसमें हीलाहवाली करने की स्थिति सामने आने के बाद अब उन्होंने 48 घंटे के दौरान निस्तारण और उसकी रिपोर्ट वाट्स एप ग्रुप पर ही मांगना शुरू कर दिया है। इससे जनशिकायत निस्तारण में लापरवाही बरत रहे अफसरों में खलबली मच गई है। ऐसे अफसरों को चिंता रहती है कि वाट्सएप के माध्यम से ही निस्तारण की रिपोर्ट देनी है जिसकी पुष्टि संबंधित जनप्रतिनिधि से भी कराई जा रही है। गलत रिपोर्ट देने पर नगर आयुक्त कार्रवाई करने में देर नहीं करेंगे। उन्होंने इसकी हिदायत भी सभी अधिकारियों को दे दी है। इस स्थिति को देखते हुए सम्बंधित अफसर अब शिकायतों को 48 घंटे में निस्तारित कराते हुए इसकी रिपोर्ट दे रहे हैं। नगर आयुक्त के इस आदेश से कार्य में तेजी आई है जनता को भी उसका परिणाम तुरंत मिल रहा है।

# रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन में कैंसर ब्लॉक का भूमि पूजन

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन में उन्नत सुविधाओं और रेडिओथेरेपी से युक्त कैंसर ब्लॉक का भूमि पूजन आज परम पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी गुरुशरणानंदजी महाराज जी ने किया। लगभग सुबह ६रू३० बजे परम



पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी गुरुशरणानंदजी महाराज जी रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन पहुंचेद्य उस समय रामकृष्ण मिशन के साधु और ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण बना दिया द्य वहाँ पूज्य महाराज जी ने अपने कर कमलों से पूजन तथा आरती के द्वारा भूमि पूजन किया ।

इस उपलक्ष्य पर एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानंद महाराज, रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन के सचिव स्वामी सुप्रकाशनंद जी महाराज, स्वामी कालीकृष्णानन्द जी महाराज, श्री अतुल बोरा उपस्थित थे द्यपूज्य महाराज जी ने रामकृष्ण मिशन की हो रही प्रगति की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि कैंसर रोग से लोग पहले डर जाया करते थे पर अब इसकी चिकित्सा उपलब्ध है और ये हर्ष का विषय है कि अब इसकी चिकित्सा हमारे ब्रजमंडल में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के द्वारा उपलब्ध हैऔर अब इसकी सुविधाएं और बढ़ जाएँगी द्यरामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन के अध्यक्ष स्वामी सुप्रकाशानंद महाराज ने कहा कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृंदावन पिछले 117 वर्षों से पवित्र ब्रज धाम और मथुरा के आसपास के जिलों के अभावग्रस्त रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है और अब जो यज्ञ प्रारम्भ होने जा रहा है जिससे अनगिनत लोग लाभान्वित होंगे, इसके लिए प्रसन्न हूँ । रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन अस्पताल के प्रभारी स्वामी कालीकृष्णानन्द जी महाराज ने सेवाश्रम के इतिहास का विस्तृत विवरण देते हुए कहा कि एक छोटे से क्लिनिक से प्रारम्भ करके आज रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृंदावन आधुनिक सुविधाओं से लैस ३२० बिस्तरों वाला मल्टी–सुपर–स्पेशलिटी अस्पताल चला रहा है। जिसमें कुछ सुपर स्पेशियलिटी हैं कैंसर चिकित्सा, जॉइंट रिप्लेसमेंट, शल्य चिकित्सा, ह्रदय चिकित्सा, मूत्र रोग चिकित्सा, गुर्दा रोग (मेघ रोग) चिकित्सा, स्नायु रोग चिकित्सा जैसी विशेष सुविधाओं के अलावा अन्य सभी साधारण सेवाएं प्रदान करता है। कैंसर ब्लॉक का आज भूमि पूजन संपन्न हुआ जिसमें रेडिओथेरपी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी द्य सेवाश्रम में कैंसर की चिकित्सा कीमो और सर्जरी आदि पहले से ही अत्यंत न्यूनतम शुल्क में उपलब्ध है पर रेडिओथेरपी के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता है पर रेडिओथेरपी के हो जाने से रोगियों को अब सारी सुविधाएँ उपलब्ध हो जाएँगी द्यअभी कैंसर ब्लॉक के साथ ही अभी शीघ्र ही ओ पी डी के निःशुल्क रजिस्ट्रेशन का वृहद हॉल का शुभारम्भ होगा क्योकि अभी ओ पी डी में रोगियों की संख्या लगभग १५०० है और अब वर्तमान स्थान छोटा पड़ रहा है द्य इस उपलक्ष्य में रामकृष्ण मिशन के साधु ब्रह्मचारी, डॉ. थान सिंह तोमर, डॉ. आशीष गौर, अन्य डॉक्टर सहित अस्पताल के नर्स तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# तिरंगा महाराज के नेतृत्व में 11 नवंबर को बीकेटी में होगा धरना प्रदर्शन

लखनऊ, 11 नवम्बर। गोमती नदी की जमीन पर बनाए गए अय्याशी के अड्डे नीलांश वाटर पार्क को ध्वस्त करने और भूमपिया के द्वारा कब्जा की गई जमीनों को कब्जा मुक्त करने व किए गए अवैध कब्जे व तहसील से किसानों के गायब पत्रावली की सीबीआई जांच की मांग को लेकर तिरंगा महाराज के नेतृत्व में 11 नवंबर को बीकेटी में होगा धरना प्रदर्शन11/11/2024 को तहसील बीकेटी में भ्रष्ट अधिकारियों का घेराव किया जायेगा



तिरंगा महाराज कई वर्षों से धरना प्रदर्शन आंदोलन कर किसानों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैंचकबंदी अधिकारी बीकेटी को सस्पेंड करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा11ध11ध 2024 को तहसील बीकेटी में भ्रष्ट्र अधिकारियों का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलने मुख्यमंत्री आवास कुच करेगे ।

# मथुरा में बाइक सवार बदमाश ने लूटा लाखो का कैश

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

थाना जमुनापार इलाके के यमुना एक्सप्रेस–वे पर कैंटीन के कैश कलेक्शन कर्मी से बाइक सवार बदमाश 12 लाख रुपये लूट ले गए। पीड़ित यमुना एक्सप्रेस वे पर संचालित कैंटीनों का कैश इकट्ठा करके दोपहर 12रू00 बैंक में जमा करने जा रहा था।



इसी दौरान आरोपियों ने रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।जानकारी के अनुसार, राया थाना क्षेत्र के गोंगा निवासी गोपाल पुत्र वीरेंद्र यमुना एक्सप्रेस वे संचालित कैंटीन से कैश लेकर बैंक में जमा करने का काम करता है। वह सोमवार को बैंक में पैसा जमा करने जा रहा था। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेस वे के माइल्ड स्टोन 105 के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोपाल के हाथ में डंडा मार कर 12 लाख 15 हजार रुपये और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# आंदोलन में तहसील प्रशासन के खिलाफ जम कर हुई नारेबजी लगे मुर्दाबाद के नारे

लखनऊ

बी के टी बी के टी क्षेत्र के तमाम किसान तिरंगा महाराज के नेतृत्व मे तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किसानों का नेतृत्व कर रहे हैं दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज ने कहा कि तहसील के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किसानों का लगातार शोषण किया जा रहा है जब तक इन अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती तब तक यह धरने पर बैठे रहेंगे तिरंगा महाराज के साथ सैकड़ो किसान वृद्ध महिलाएं साथ में हैं इस मौके पर बी के टी थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया किंतु तिरंगा महाराज व किसान मानने को तैयार नहीं किसान मुख्य मंत्री से मिलने मुख्य मंत्री आवास के लिए निकले रास्ते में भारी पुलिस बल लगाकर किसानो को रोक दिया गया .थाना प्रभारी के समझाने पर किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा.बीकेटी तहसील में किसान सुबह ही एकत्रित हो गये और प्रशासन के खिलाफ नारेबजी करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगने लगे. सुल्तानपुर राजापुर बहादुरपुर गाव के किसानो की तहसील से पत्रवाली गायब होने से किसानों को उनकी जमीन से बेदखलं किया जा रहा जिससे किसानो मे असंतोष व्याप्त हो गया है.किसानो का नेतृत्व कर रहे तिरंगा महाराज ने कहा हम सब को न्याय मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ही दे सकते हमे मुख्य मंत्री पर भरोसा हैतिरंगा महाराज ने कहा तहसील प्रशासन के द्वारा भूमाफियाओं के साथ–साथ घाट की गई है और उनका संरक्षण दिया गया है तिरंगा महाराज ने कहा नीलांश वाटर पार्क के द्वारा गोमती नदी पर अवैध कब्जा कर अय्याशी का अड्डा बना दिया गया है साथ ही दर्जनों किसानों के जमीनों पर भी कब्जा किया गया है महाराज ने प्रशासन पर भूमाफियाओं से साथ साथ गाँठ के गंभीर और संगीन आरोप लगाए मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीलांस पार्क के पार्टनर संतोष श्रीवास्तव जो पूर्व कांगेसी वर्तमान मे भाजपा नेता है जिसे लखनऊ में एनजीओ प्रकोष्ठ का पद इसलिए दिया गया है ताकि उसे पर कार्रवाई न हो परंतु हम सब को मुख्यमंत्री जी पर भरोसा है और जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक हमारा संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा. तिरंगा महाराज ने बताया 14 तारीख को हम किसानों के साथ जिलाधिकारी महोदय के साथ बैठक करेंगे और आगे के आंदोलन पर जानकारी देंगेअब एक तरफ भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़े होने की बात करती है वहीं लंबे समय से किसान लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन कर न्याय मांग रहे हैं परंतु शासन और प्रशासन किसानों को न्याय नहीं दे पा रहा है जो की चिंता का विषय है



# गहमा गहमी के बीच बजट पारित, पूर्व प्रमुख और पुलिस में नोंकझोंक

## 'बैठक समाप्ति के बाद मोनू सिंह व समर्थकों ने बिडियो को घेरा'



बल्दीराय सुल्तानपुर (आरएनएस)। तहसील अंतर्गत वि०खॅं०धनपतगंज में ब्लाकप्रमुख पार्वती देवी की अध्यक्षता में सदन में बजट पास किया गया । मीटिंग समाप्ति के बाद समर्थकों के साथ पहुंचे यशभद्र सिंह मोनू ने बीडीओ से बैठक कर निष्पक्षता पर सवाल खड़े किये व हंगामा काटा । सोमवार को तय कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11 बजे ब्लाकप्रमुख पार्वती देवी की अध्यक्षता में प्रधानों व क्षेत्रपंचायत सदस्यों की उपस्थिति में बैठक की गई । सदन में सदस्यों के समक्ष शांतिपूर्ण माहौल में क्षेत्र के विकास के लिए तीन करोड़ का वजट प्रस्ताव पारित किया गया । बैठक में 36 बी डी सी, 17 प्रधान एवम जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे । पूर्वमंत्री व विधायक विनोद सिंह ने बताया कि प्रमुख के अनुसार क्षेत्र का विकास निष्पक्षता पूर्वक पटल पर दिखेगा ।बतौर सचिव खॅं०वि०अधिकारी ने बताया कि बैठक समय से शुरू होकर शांतिपूर्ण माहौल में समाप्त हुई ।ब्लाकप्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पांडेय ने कहा कि क्षेत्र का विकास धरातल पर दिखेगा । शांतिपूर्ण माहौल में सदन की बैठक सम्पन्न हुई है । बैठक समाप्त होने के बाद यशभद्र सिंह मोनू व समर्थक, प्रधानों, बी डी सी के साथ ब्लाक प्रांगण में खॅं०वि०अधिकारी को घेरकर प्रमुख द्वारा आयोजित बैठक को गलत बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख धानपतगंज कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बीच बचाव किया जिससे मोनू सिंह व कोतवाल में तीखी नोकझोंक हुई ।इसी बीच पुलिस ने घेरा बनाकर खॅं०विकास अधिकारी को उनके कार्यालय में बैठाया । काफी देर तक मोनू सिंह व उनके समर्थकों ने कार्यालय के बाहर इकट्ठे होकर ,अपनी बैठक निरस्त करने की मांग करते रहे ।कुल मिलाकर बैठक के बाद ब्लाक प्रांगण हँगामापूर्ण रहा। कोतवाल के सूझबूझ से बड़ा विवाद होते होते बचा। सम्बेदनशील धानपतगंज ब्लाक की बैठक के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात रही ।

# श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा का हुआ आयोजन

धनपतगंज सुल्तानपुर(आरएनएस)। श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञानयज्ञ के पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन ग्राम पूरे पंडित आचार्य में पण्डित जगदेव प्रसाद पाण्डेय शास्त्री के यहां किया गया। कलश यात्रा का उद्ध्देश्य किसी देवता को इष्ट मानकर तथा उस देवता को मालिक मानकर उस स्थान से आशीर्वाद प्राप्त कर के कार्य का शुभारंभ किया जाता है। हरि स्मृतिः सर्वविवद विमोक्षणम्

कथा ब्यास बृंदावन वन धाम से पधारे बाल व्यास मधुर जी महराज है। भव्य कलश यात्रा कुल मंदिर शिवालय से होते हुए बाबा दुल दुल दास की कुटी में विधिवत पूजा पाठ किया गया। अंतिम में कलश यात्रा सरैयामाफी स्थित गोमती नदी के तट पर पहुंची।

# शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती आएंगे २१ नवम्बर को धर्म संसद मे

मथुरा

श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि शंकराचार्य बासुदेवानंद सरस्वती धर्म संसद में आएंगे और उन्होंने कहा कि दिनेश शर्मा जी आप भोजन ग्रहण कर लीजिए, आपको काफी दिन हो गए भूखे रहते रहते, इतनी कठोर तपस्या मत कीजिए, इस पर दिनेश शर्मा फलाहारी ने कहा कि महाराज जी कुछ समय की बात है, जल्द से जल्द भगवान की कृपा से हमारा मंदिर न्यायालय के द्वारा आजाद होगा और हम भोजन ग्रहण करेंगे।इस पर शंकराचार्य जी ने दिनेश शर्मा को आशीर्वाद दिया और कहा कि हमारी कहीं भी जरूरत पड़े तो हम न्यायालय में गवाही देने को भी तैयार है, इस अवसर पर जगतगुरु ज्ञान सागर महाराज ने कहा कि 21 नवंबर को होने वाली धर्म संसद में देश–विदेश से संत भगवान पधारेंगे और गाय माता को राष्ट्रीय गौ माता घोषित करने के लिए तथा श्री कृष्ण मंदिर के लिए जो भी संभव होगा वह प्रयास करेंगे।इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने कहा कि यह धर्म की लड़ाई है, धर्म संसद में जो भी संत भगवान के द्वारा प्रस्ताव पास होगा,वह इल्लाहाबाद कुंभ में रखा जाएगा, राष्ट्रीय संत रामनिवास गुरुजी ने कहा कि हमारे हिंदुस्तान में जितने भी सनातनी हिंदू हैं, वह सभी जाग रहे हैं,अब आने वाले समय में जीत सत्य की होगी, भागवत आचार्य श्यामसुंदर महाराज ने कहा कि आने वाले समय में अयोध्या की तरह भगवान श्री कृष्ण का भी दरबार सजेगा ऐसा हमको विश्वास है, प्रदेश मंत्री जय गोपाल शास्त्री ने कहा कि इस धर्म संसद में संजय भाई जोशी जी भी आ रहे हैं जो हमारे सनातनी हिंदुओं का प्रखर चेहरा है।महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की यह जन्मस्थली है और जन्मस्थली के लिए सनातनी हिंदू हमेशा संघर्ष करते रहते हैं, प्रदेश मंत्री रौनक उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था, यह संपूर्ण विश्व जानता है लेकिन कुछ विधार्थियो ने हमारे मंदिर पर अवैध कब्जा कर लिया था, भागवत की प्रचंड विद्वान देवी सृष्टि सारस्वत ने कहा कि सनातनी हिंदू अब जाग रहे हैं,भगवान श्री कृष्ण मंदिर का केस न्यायालय में चल रहा है और हमें न्यायालय पर विश्वास है, जीत हिंदुओं की होगी. जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा ने कहा कि औरंगजेब ने तलवार के दम पर हमारे मंदिर पर कब्जा किया था लेकिन हम न्यायालय के सहयोग से यह लड़ाई अवश्य जीतेंगे. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मथुरा सुखराम सिंह कमल, जिला प्रभारी आलोक चौधरी, प्रदेश महामंत्री राजेश चतुर्वेदी, राहुल गौतम,विश्व हिंदू परिषद के नेता जय राम शर्मा, कन्हैया कौशिक, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाई गई राष्ट्रयोगी दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती

## -भारतीय मजदूर संघ एवं स्वदेशी जागरण मंच ने आयोजित किया कार्यक्र

अयोध्या। सभारतीय मजदूर संघ के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की 104वी जयंती जिला सहकारी बैंक अयोध्या के सभागार मे मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित और विशिष्ट अतिथि के रूप में सलिल अग्रवाल (स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक),भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह एवं स्वदेशी जागरण मंच के संगठन मंत्री सुनील पारचा शामिल हुए।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह, स्वदेशी जागरण मंच के संगठन मंत्री सुनील पारचा, जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ अमरीश सिंह तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख पुष्कर तिवारी ने पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा कि दत्तोपन्त ठेंगड़ी का जन्म 10 नवम्बर 1920 को ग्राम आर्वी जिला वर्धा महाराष्ट्र में हुआ था। वे बाल्यकाल से ही स्वतन्त्रता संग्राम में सक्रिय रहे। 1935 में वे वानरसेना के आर्वी तालुका के अध्यक्ष थे। ठेंगड़ी का सम्पर्क संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार से हुआ तो संघ के विचार उनके मन में गहराई से बैठ गए और एमए तथा कानून की शिक्षा पूर्णकर 1941 में प्रचारक बन गए। ठेंगड़ी ने संघ के द्वितीय सर संघचालक के कहने पर मजदूर क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ नामक अराजनीतिक संगठन शुरू किया, जो आज देश का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है। उन्होंने मजदूर संघ के साथ– साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ,सामाजिक समरसता मंच आदि की स्थापना में भी उनकी प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने कहा कि 26 जून 1975 को देश में आपातकाल लगने पर ठेंगड़ी जी ने भूमिगत रहकर लोक संघर्ष समिति के सचिव के नाते तानाशाही विरोधी आन्दोलन को संचालित किया। जनता पार्टी की सरकार बनने पर भी ठेंगड़ी ने मजदूर क्षेत्र में काम करना ही पसन्द किया। मजदूर संघ का काम बढ़ने पर लोग प्रायः उनकी जय के नारे लगा देते थे। इस पर उन्होंने यह नियम बनवाया कि कार्यक्रमों में केवल भारत माता और भारतीय मजदूर संघ की ही जय बोली जाएगी।मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा कहा कि दत्तोपंत के भाषण,लेख और संस्मरण के चलते वह हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में सदैव हमारे बीच मे है।

# संपादकीय

## कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए

झारखंड में समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी मगर आदिवासी समुदायों की पहचान व विरासत पूरी तरह संरक्षित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। अमित शाह ने भाजपा के सत्ता में वापस लौटने पर राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रुपये देने का वादा भी किया। समान नागरिक संहिता को देश भर में लागू करने का वादा 2024 के आम चुनाव में भाजपा पहले ही कर चुकी है जिसमें देश के सभी नागरिकों के लिए समान नियम स्थापित करने का प्रस्ताव है। विवाह, तलाक, विरासत व संपत्ति का अधिकार इसमें शामिल हैं।

जनसंघ के काल से ही सभी नागरिकों के लिए समान संहिता की बात उठती रही है जिसे भाजपा ने पिछले कुछ समय से पारिवारिक कानूनों में एकरूपता के नाम पर परिभाषित किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में इसे शामिल किया गया है परंतु इसे जबरन कानून के जरिए लागू नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ मार्गदर्शक सिद्धांत है। तमाम विवादों के बाद आदिवासी संस्कृति को इससे अलग करने का दबाव है।

शायद इसीलिए आदिवासी इलाकों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लोभ में पार्टी को अपने विचार में मुलायमियत दिखानी पड़ रही है। आदिवासियों के वोटों का महत्त्व पार्टी समझ रही है। उन्हें यूसीसी के नाम पर छिटकने नहीं देना चाहती। आदिवासियों की परंपराओं व स्थानीय रीतियों में इस नियम के बाद पाबंदी लगने का भय दिखा कर विपक्ष इस वोट बैंक को अपने पक्ष में करने को लालयित रहा है। शाह के स्पष्टीकरण से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता है।विभिन्न धर्मावलंबियों की परंपराएं व रीतियां भिन्न हैं। विपक्षी दल बार–बार यही आरोप लगाते हैं कि सरकार की मंशा उन पर रोक लगाने की है। हालांकि कुछ आदिवासी समुदायों में महिलाओं को पहले ही तमाम अधिकार प्राप्त हैं। इसीलिए भाजपा को अपना कदम पीछे खींचने को मजबूर होना पड़ा।

रही बात प्रलोभन देने की तो यह भारतीय राजनीति का प्रमुख अस्त्र है। सरकारें पहले अपनी जिम्मेदारियां निभाने में कोताही करती हैं पर ऐन चुनाव के दौरान उन्हें जनता को होने वाली दिक्कतों का अहसास होता है। सुधारवादी कदम उठाते हुए सरकार को जनता की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए।

## किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी

हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रु पये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रु पये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई।

रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रु पये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद–बिक्री का सत्र अप्रैल, 2025 से शुरू होगा।

खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार–चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है।

एमएसपी की शुरु आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग–आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ–साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे। किसानों को धान–गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल–गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक–आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है।

उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी तिलहन–दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी

# जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग क्यों अलापा जा रहा है?



वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक कानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक कानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही खारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफन करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। जब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, जब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है। देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान कानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती ह

ै तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हाबी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।

# दलों की नाराजगी और नेताओं के विरोध से 'इंडिया गठबंधन' संकट में

राज्य में आईएनडीआईए (इंडिया) और एनडीए गठबंधनों के बीच सीधी टक्कर होने की बातें कही जाती हैं, लेकिन धरातल पर इस बार भी पूर्व की तरह मुख्य चुनावी लड़ाई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी में ही दिखाई पड़ रही है। बागियों की भूमिकाओं, दल–बदलुओं की चालबाजियों तथा विभिन्न दलों के भीतर मची कलह–कुचाल के कारण झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की चर्चा काफी गर्म है। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 05 जनवरी 2025 को समाप्त होगा, लेकिन यहां की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वैसे तो, राज्य में आईएनडीआईए (इंडिया) और एनडीए गठबंधनों के बीच सीधी टक्कर होने की बातें कही जाती हैं, लेकिन धरातल पर इस बार भी पूर्व की तरह मुख्य चुनावी लड़ाई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में ही दिखाई पड़ रही है। हालांकि गौरतलब है कि दलों के बीच गठबंधन वाली एकता जैसी एनडीए खेमे में दिखाई पड़ रही है, वैसी एकता आएनडीआइए गठबंधन के खेमे में नहीं है। इसके कारण आएनडीआइए खेमे में मायूसी और चिंता का माहौल बना हुआ है, जबकि दूसरी ओर एनडीए खेमे में निश्चित तौर पर उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है। इसके बावजूद दोनों गठबंधनों की ओर से अपनी–अपनी जीत के दावे बेहद जोर–शोर से किए जा रहे हैं। बहरहाल, इस बात का पता तो आगामी 23 नवंबर को ही पता चल पाएगा कि चुनाव में किसकी गाड़ी मंजिल तक पहुंचती है और किसकी गाड़ी बीच मझधार में ही फंसी रह जाती है। वैसे खुश होने की एक वजह तो है कि लंबे समय तक नक्सल–प्रभावित रहे झारखंड राज्य में पिछले कुछ वर्षों के दौरान नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है।राज्य के विश्रामपुर विधानसभा सीट की बात करें तो पिछले दिनों यहां पर इंडिया गठबंधन के भीतर खुल कर विरोधी गतिविधियां देखी गईं। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे के बाद विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के कोटे में गई थी, जबकि आरजेडी ने विश्रामपुर विधानसभा से जैसे ही अपने उम्मीद्वार रामनरेश सिंह को खड़ा किया, लगे हाथ कांग्रेस ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। कांग्रेस पार्टी यहीं नहीं रूकी, बल्कि उसने विश्रामपुर विधानसभा पर अपना दावा ठोंकते हुए अपने नेता सुधीर कुमार चंद्रवंशी को टिकट थमा दिया। स्थिति यहां तक तक पहुंच गई कि सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने क्षेत्र से नामांकन करके अपने ही अलायंस के पार्टनर प्रत्याशी राजद के रामनरेश सिंह की मुश्किलें बढ़ा दीं। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस ने आरजेडी प्रत्याशी के विश्रामपुर सीट से चुनाव हारने की आशंका के कारण उसने इस सीट पर अपना प्रत्याशी उतारा है, क्योंकि यदि राजद प्रत्याशी बीजेपी के प्रत्याशी से चुनाव हार गए तो आईएनडीआईए गठबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। बता दें कि एक जमाने में विश्रामपुर विधानसभा सीट कांग्रेस का मजबूत किला माना जाता था। हालांकि, पिछले दो चुनावों में उसके प्रत्याशियों को लगातार हार का सामना भी करना पड़ा है, जिससे कांग्रेस का किला पूरी तरह दरकता हुआ दिखाई देने लगा था।

# बस अच्छी फिल्में तो बनाई जाएं थिएटर तक आने तैयार हैं

पंकज दुबे

तुम्बाड देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज का भी एक अर्थ है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिजाइन, और कलर पैलेट– सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फिल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड्य अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी।

हिंदी फिल्म उद्योग में 2024 में एक नई शुरुआत यह हुई है कि बहुत–सी अच्छी, सार्थक और लोकप्रिय फिल्मों को सिनेमाघरों में एक बार फिर से रिलीज किया जा रहा है। इस शृंखला में अब तक तेजाब (1988), मैंने प्यार किया (1989), ताल (1999), रहना है तेरे दिल में (2001), वीर जारा (2004), रॉकस्टार (2011), गैंग्स ऑफ वासेपुर (2012) के साथ–साथ 2018 की एक दिलचस्प फिल्म तुम्बाड्य को भी फिर से रिलीज किया गया है। इस ट्रेंड ने सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखने वाले दर्शकों में एक नया उत्साह भरा है।

तुम्बाड्य एक पीरियड हॉरर फिल्म है, जो राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित है। फिल्म के लेखक हैं मितेश शाह, आदेश प्रसाद और आनंद गांधी। इस फिल्म में आनंद गांधी ने क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है।

तुम्बाड्य की दोबारा रिलीज इसके दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में एक बार फिर से एक अनोखा अनुभव लेकर आई है। इसने उन दर्शकों का भी ध्यान अपनी तरफ खींचा है, जिन्होंने पहले यह फिल्म मिस कर दी थी। तुम्बाड आज भी उतनी ही प्रभावशाली और जादुई लगती है, जितनी पहले थी।

तुम्बाड की कहानी महाराष्ट्र की एक प्राचीन लोककथा पर आधारित है। यह कहानी लालच, रहस्य और भय का ऐसा मेल है कि दर्शकों के मन में कई सवाल उठाती है और बुनियादी ह्यूमन इंस्टिंक्ट्स के इर्द–गिर्द सोचने पर मजबूर करती है। यह फिल्मकार का कौशल ही है कि वह दर्शकों को बखूबी हस्तरत्र्य के किरदारों का जीवंत साक्षी बना देता है। साथ ही वह तुम्बाड की रहस्यमयी दुनिया में डर के साथ–साथ कहानी की गहराई को भी बढ़ाता है।

तुम्बाड्य की कहानी धरती माता के पुत्र हस्तर देवता पर आधारित है। वास्तविक जीवन में भगवान हस्तर के बारे में कोई भी ग्रंथ या लोककथा ढूंढ पाना मुश्किल है। फिल्म में हस्तर के बारे में बताया गया है कि वह उस देवी का सबसे प्रिय पुत्र है, जिसने सभी देवी देवताओं को जन्म दिया। फिल्म में हस्तर को एक पौराणिक देवता के रूप में दिखाया गया है, जो धन और अनाज का देवता है। फिल्म की कहानी के अनुसार, हस्तर एक लालची और स्वार्थी देवता था, जिसने अपने हिस्से से हमेशा ज्यादा की चाह रखी। उसने देवी के खजघने से सारा सोना ले लिया और फिर सारा अनाज भी लेना चाहा लेकिन, दूसरे देवताओं ने उसे अनाज नहीं लेने दिया। उस पर हमला कर दिया। बाद में उसे अनाज से वंचित कर दिया गया। इसके अलावा उसे धार्मिक ग्रंथों से गायब कर दिया गया और पूरी दुनिया उसके बारे में भूल गई। फिल्म के अनुसार, हस्तर अभी भी अपनी मां की कोख में कैद है।

हस्तर के बारे में कहा गया कि उसका नाम नहीं लेना चाहिए, उसका नाम लेने से विनाश हो सकता है। वहीं, हस्तरत्र्य का सिर किसी ऑक्टोपस जैसा था, पंख किसी चमगादड़ जैसे थे और आंखें सुनहरी थीं। हस्तरत्र्य हमेशा एक पीले रंग के कपड़े से ढका रहता था।

तुम्बाड्य देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज का भी एक अर्थ है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिजाइन, और कलर पैलेट– सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फिल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड्य अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी।

फिल्म की कहानी एक क्लासिकल तरीके से आगे बढ़ती है, जिसमें सार्वभौमिकता का अहसास है। राही अनिल बर्वे का निर्देशन अद्भुत है। इस तरह की जटिल कहानी को सरलता से और प्रभावशाली ढंग से पर्दे पर लाना आसान काम नहीं है। सीन–दर–सीन वे दर्शकों को कहानी के साथ बांधे रखते हैं, और हर दृश्य में डर और रोमांच का एहसास कराते हैं।

अगर हम इस फिल्म में कलाकारों की परफॉरमेंस की बात करें तो इसमें सभी किरदार है यादगार हैं। सोहम शाह ने विनायक का किरदार बड़ी गहराई से निभाया है। विनायक का लालच और उसकी आंखों में दिखने वाला जुनून दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ता है। इसके अलावा बाकी कलाकारों ने भी अपने–अपने किरदार को पूरी शिद्दत से निभाया है। हर किरदार का अभिनय इतना प्रभावशाली है कि वो कहानी में जीवंत लगते हैं।

तुम्बाड्य का म्यूजिक और साउंड डिजाइन फिल्म का धड़कता हुआ दिल है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर और साउंड डिजाइन इतना प्रभावशाली है कि इस स्पेस में बनने वाली कई फिल्मों के लिए बखूबी रिफरेन्स के काम आ सकती है। फिल्म में अजय–अतुल का शानदार म्यूजिक कहानी को और मजबूत बनाता है और हर सीन को बेहद इंटेंस और डरावना बनाता है। एक–एक साउंड इफेक्ट में इतनी बारीकी है कि यह दर्शकों को कहानी के भीतर खींच लेता है।

फिल्म में गाना बेशक एक ही है लेकिन वो कहानी को और गहराई देता है। इस इकलौते गीत के बेहद सार्थक गीतकार हैं राज शेखर। तुम्बाड्य में म्यूजिक का उद्देश्य मनोरंजन से अधिक कहानी के मूड को बढ़ाना है।

अच्छी फिल्मों को फिर से थिएटर में रिलीज करने के ट्रेंड को दर्शक खुले दिल से अपना रहे हैं। तुम्बाड्य जैसी मास्टरपीस को बड़े पर्दे पर देखने का अनुभव घर में देखने से एकदम अलग है।

ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखकर लगता है कि अच्छी फिल्मों की कद्र अभी भी बाकी है, और तुम्बाड्य जैसी फिल्मों का आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। साथ ही दर्शकों का रिस्पांस उस विवाद को भी विराम देता है कि कोविड के फलस्वरूप जो लॉकडाउन हुआ था उसने दर्शकों की कॉन्टेंट कंजम्पशन के पैटर्न को बदल कर रख दिया है और अब वो सिनेमा हॉल तक नहीं जाना चाहते हैं। लेकिन अच्छी पुरानी फिल्मों को देखने जाने वालों की भीड़ ने स्पष्ट इशारा कर दिया है कि वो थिएटर तक आने के लिए तैयार हैं, बस अच्छी फिल्में तो बनाई जाएं।

तुम्बाड्य अमेजन प्राइम पर है, देख लीजिएगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

वृष राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की राय लेनी चाहिए। कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है।

मिथुन राशि–

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं।

सिंह राशि

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपका दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस–पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको आज अपना काम पूरा करने में थोड़ा वक्त लग सकता है, लेकिन काम पूरा होने से आपको खुशी होगी।

कन्या राशि–

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। साइंस के अध्यापकों का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा।

तुला राशि– आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबारी संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है।

वृश्चिक राशि–

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

धनु राशि–

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। अपने माता–पिता की सेहत को लेकर आप सचेत रहें। आप अपने जीवन में प्रेम को बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास करते रहे,

मकर राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप ऑफिस के उलझनों को ऑफिस में ही छोड़ कर आए,

कुंभ राशि आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। आज कार्यों में जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

मीन राशि–

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप जिस तरह से अपना काम करते हैं, वैसे ही करते रहे। आपकी पदोन्नति हो सकती है। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक–ठाक रहेगा।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 12 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# रूस ने किसी भी फोन काल की बात से किया इनकार, ट्रंप–पुतिन की बातचीत का सच क्या है ?




क्रेमलिन ने उन खबरों का खंडन किया कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी और कहा कि पुतिन के पास ट्रंप से बात करने की अभी तक कोई ठोस योजना नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि यह कॉल हुई थी और कहा गया था कि ट्रंप ने पुतिन से कहा था कि उन्हें यूक्रेन युद्ध को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। बाद में समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए कॉल पर रिपोर्ट दी। रूस ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते अपनी चुनावी जीत के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में एक दैनिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कोई बातचीत नहीं हुई। यह पूरी तरह से झूठ है, यह पूरी तरह से काल्पनिक है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि हाल में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने 70 से ज्यादा विश्व नेताओं से बात की है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शामिल हैं। क्रेमलिन ने उन खबरों का खंडन किया कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी और कहा कि पुतिन के पास ट्रंप से बात करने की अभी तक कोई ठोस योजना नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि यह कॉल हुई थी और कहा गया था कि ट्रंप ने पुतिन से कहा था कि उन्हें यूक्रेन युद्ध को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। बाद में समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए कॉल पर रिपोर्ट दी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा कि ये पूरी तरह से झूठ है। यह पूरी तरह से काल्पनिक है, यह सिर्फ गलत जानकारी है। दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। यह पूछे जाने पर कि क्या पुतिन की ट्रंप के साथ संपर्क की कोई योजना है, पेस्कोव ने कहा कि अभी तक कोई ठोस योजना नहीं है। इससे पहले, मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने पुतिन को यूक्रेन में युद्ध न बढ़ाने की सलाह दी और उन्हें यूरोप में वाशिंगटन की बड़ी सैन्य उपस्थिति की याद दिलाई।

# प्रधानमंत्री नेतन्याह ने हिज्बुल्ला पर पेजर, वाकी–टाकी हमलों में इजराइल की भूमिका स्वीकार की



यरुशलम । प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी–टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी–टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा, ''रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया।''हिब्रू मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, नेतन्याहू ने रविवार की साप्ताहिक मंत्रिमंडल बैठक के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इजराइल ने अभी तक सार्वजनिक रूप से इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली थी लेकिन व्यापक अनुमान था कि सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए इन जटिल हमलों के पीछे उसका हाथ है। इन हमलों ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया था। लेबनान तथा सीरिया के कुछ हिस्सों में 16 सितंबर को विस्फोटक वाले हजारों पेजर फट गए थे जो हिज्बुल्ला के समर्थकों के पास थे। दुनियाभर के लोग पेजर विस्फोट की खबरों से उबर भी नहीं पाए थे कि एक दिन बाद 17 सितंबर को वॉकी–टॉकी में भी विस्फोट हुए, जिसने लेबनानी शिया मिलिशिया के खिलाफ युद्ध में इजराइल की खुफिया तैयारी के स्तर को लेकर दुनिया को चौंका दिया। नेतन्याहू के बयान को रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को हटाने तथा युद्ध की सफलता का श्रेय लेकर व्यक्तिगत लोकप्रियता बढ़ाने के प्रधानमंत्री के प्रयासों के संदर्भ में समझा जा रहा है। गैलेंट को पांच नवंबर को रक्षा मंत्री के पद से हटा दिया गया था।

# ट्रंम्प के जीतते ही शेख हसीना का बड़ा दांव, सड़कों पर उतरी आर्मी



शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग अंतरिम सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोधा प्रदर्शन करने की तैयारी में है। देखा जाए तो बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही हलचल मची हुई है। ढाका में तो आवामी लीग के कार्यकर्ताओं व समर्थकों पर पुलिस ने सख्ती भी बरती है। बांग्लादेश की सेना ने उनके प्रदर्शन से पहले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया है। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को गिरे हुए लगभग तीन महीने हो चुके हैं। लेकिन आज भी वहां के हालात कमोबेश वैसे ही हैं। पहले कट्टरपंथियों ने देशभर में बवाल किया। उसके बाद बीएमपी के हजारों कार्यकर्ताओं ने देश की राजधानी में रैली निकाली और नए सिरे से चुनाव कराने व त्वरित सुधारों की मांग की। शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग अंतरिम सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। देखा जाए तो बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही हलचल मची हुई है। ढाका में तो आवामी लीग के कार्यकर्ताओं व समर्थकों पर पुलिस ने सख्ती भी बरती है। बांग्लादेश की सेना ने उनके प्रदर्शन से पहले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया है।आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बांग्लादेश की सेना–पुलिस स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों ने कई इलाकों में बड़ा जमावड़ा किया हुआ है। बीएनपी और जमात ने घोषणा की है कि वो आवामी लीग को प्रदर्शन की अनुमति नहीं देंगे। ढाका पुलिस ने उन्हें विरोध रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं दी है। देशभर में सेना की 191 टुकड़ियां तैनात की गई है। वहीं इस बीच सरकार के विभिन्न हलकों ने चेतावनी भी दी है कि आवामी लीग को विरोधा मार्च आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अवामी लीग को फासीवादी करार देते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी को नियोजित रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि अंतरिम सरकार देश में किसी भी हिंसा या कानून व्यवस्था को तोड़ने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अवामी लीग अपने मौजूदा स्वरूप में एक फासीवादी पार्टी है। ऐसा कोई रास्ता नहीं है कि इस फासीवादी पार्टी को बांग्लादेश में विरोधा प्रदर्शन करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रैली का आयोजन किया और वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर त्वरित सुधार लाने और अगला राष्ट्रीय चुनाव कराने के लिए दबाव बना रही है।

# रामास्वामी बयान पर भारत से लेकर यूएस तक छिड़ी बहस, हर बार हिंदू ही टारगेट पर क्यों ?

हिंदू धर्म के अनुयायियों को लेकर विदेशों में एक अलग प्रकार की बहस छिड़ गई है। इस सबके बीच रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और एक अमेरिकी नागरिक के बीच हालिया बातचीत को लेकर चर्चा हो रही है। जिसमें रामास्वामी ने हिंदू धर्म को लेकर विरोधी टिप्पणियों पर सवाल खड़े किए।हिंदू धर्म के अनुयायियों को लेकर विदेशों में एक अलग बहस छिड़ गई है। इस सबके बीच रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और एक अमेरिकी नागरिक के बीच हालिया बातचीत को लेकर चर्चा हो रही है। जिसमें रामास्वामी ने हिंदू धर्म को लेकर विरोधी टिप्पणियों पर सवाल खड़े किए। अमेरिका के जॉर्जिया स्टेट में सीनेट का चुनाव लड़ रहे रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी की काफी चर्चा में है। हाल ही में रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी और एक अमेरिकी नागरिक के बीच हुई बहस में षहिंदू धर्म को दुष्ट और मूर्तिपूजक धर्मष करार दिए जाने पर विवेक रामास्वामी ने जोरदार प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए कहा कि हर बार हिंदुत्व ही निशाने पर क्यों?दरअसल ऐसी घटना अमेरिका में धार्मिक असहिष्णुता के प्रति विभिन्न संस्कृतियों को उजागर करती है, खासकर जब इसकी तुलना भारत से की जाती है। विरोधी पक्ष से हिंदु धर्म के खिलाफ लगातार आक्रामक टिप्पणी के बावजूद रामास्वामी ने बातचीत को उग्र बनाने या कानूनी कार्रवाई की मांग करने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से अपने धर्म का बचाव किया और इस अवसर को विश्व के लिए एक संदेश देने के रूप में इस्तेमाल किया जो हिंदू दर्शन में निहित गहन सहिष्णुता को रेखांकित करती है पूरे अमेरिका में लंबे समय से कुछ कट्टरपंथी समूह गैर–अब्राहमी धर्मों, विशेष रूप से हिंदू धर्म, को निशाना बनाते रहे हैं, उन्हें ष्मूर्तिपूजकष या अमेरिकी मूल्यों के खिलाफ करार देते रहे हैं। फिर भी, हिंदू धर्म, चाहे भारत में हो या विदेश में, कभी भी वैसा आक्रोश नहीं दिखाता जैसा कि इस्लाम या ईसाई धर्म पर किए गए हमलों पर देखा जाता है। इस बीच अमेरिका में रामास्वामी के एक बयान के बाद हिंदुओं को टारगेट




करने के मुद्दे पर बहस तेज हो गई है। हालांकि अमेरिका की एक प्रतिष्ठित न्यूज वेबसाइट द न्यूयॉर्क टाइम्स पर हाल ही में रामास्वामी को लेकर रिचर्ड फॉसेट की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जिसमें रामास्वामी को लेकर बड़ा दावा किया गया। आखिर हर बार टारगेट पर हिंदू ही क्यों?न्यू हैम्पशायर में एक मतदाता ने रामास्वामी के धर्म के बारे में पूछा, जिसके जवाब में अमेरिका में धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व के बारे में पूछा गया। ये सवाल पिछले हफ्ते शनिवार को नेवादा में डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनावी अभियान के दौरान रामास्वामी से पूछे गए। इस दौरान उन्होंने यीशु मसीह के बारे में राय पूछे जाने पर कहा कि हिंदू धर्म में, यीशु ईश्वर के एक पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सभी को साथ लेकर चलने की बात करता है, लेकिन फिर भी दुनिया के कई देशों में लागातार हिंदुओं को टारगेट किया जाता रहा। दरअसल, लेबर डे वीकेंड पर न्यू हैम्पशायर में एक मतदाता ने रामास्वामी के धर्म के बारे में पूछा, जिसके जवाब में अमेरिका में धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व के बारे में पूछा गया– ष्मैं हिंदू हूं और मुझे इस पर गर्व है। मैं बिना किसी माफी के इसके लिए खड़ा हूं। मुझे लगता है कि मैं धार्मिक स्वतंत्रता के रक्षक के रूप में और भी ज्यादा आगे बढ़ पाउंगा। विवेक रामास्वामी का नाम यूएस में उस वक्त चर्चा में आया जब जॉर्जिया में 2020 के चुनाव नतीजों में उन्हें अवैध रूप से हस्तक्षेप का आरोपी माना गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, अश्विन रामास्वामी उस समय लॉ स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। वे अपने गृहनगर जॉन्स क्रीक के स्टेट सीनेटर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पिछले साल आरोपित 18 लोगों में शामिल थे। इस घटना के बाद उन्होंने खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया। चुनावी अभियान के लिए जुटा चुके हैं 280 हजार डॉलर रिपब्लिकन कैंडिडेट रामास्वामी ने चुनाव लड़ने के लिए साइबरसिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (बै।) में अपनी नौकरी छोड़ दी। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा धन जुटाया और चुनावी अभियान के लिए 280 हजार डॉलर से अधिक एकत्र किए हैं। विवेक रामास्वामी के पास स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बी.एस. और जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर से जे.डी. की डिग्री है।

# अवैध शरणार्थियों को भेजेंगे उनके देश, ट्रंप की सामूहिक पुनर्वास योजना को रामास्वामी ने दिया समर्थन

उद्यमी से राजनेता बने रामास्वामी ने कहा कि क्या हमारे पास एक टूटी हुई कानूनी आव्रजन प्रणाली है? हाँ, हम करते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पहला कदम कानून के शासन को बहाल करना होगा, इसे बहुत व्यावहारिक तरीके से करना होगा।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष भारतीय–अमेरिकी सहयोगी विवेक रामास्वामी ने अवैधा अप्रवासियों के सामूहिक निर्वासन योजना के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करते समय कानून तोड़ा है, उन्हें यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें जाने की




जरूरत है। उद्यमी से राजनेता बने रामास्वामी ने कहा कि क्या हमारे पास एक टूटी हुई कानूनी आव्रजन प्रणाली है? हाँ, हम करते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पहला कदम कानून के शासन को बहाल करना होगा, इसे बहुत व्यावहारिक तरीके से करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जो लोग आये हैं, उन्होंने देश में जड़ें नहीं जमायी हैं। जिन लोगों ने अपराध किया है उन्हें इस देश से बाहर होना चाहिए।श यानी लाखों की संख्या में. वह अकेला सबसे बड़ा सामूहिक निर्वासन होगा। इसे सभी अवैध लोगों के लिए सरकारी सहायता समाप्त करने के साथ जोड़ दें। आप आत्म–निर्वासन देखते हैं। राष्ट्रपति चुनावों में कमला हैरिस की हार के कुछ दिनों बाद एक भारतीय अमेरिकी सांसद ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी को केवल लोगों की आर्थिक कठिनाइयों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अमेरिकी प्रतिनिधिा सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना ने सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमें नए कारखानों के निर्माण करने, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने में मदद करने, बच्चों की देखभाल तथा उनके मुद्दों से निपटने और इस बात पर जोर देने के लिए एक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिससे हमारी पार्टी की आर्थिक स्थिति बेहतर हो। खन्ना ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त रूप से आकर्षक आर्थिक दृष्टिकोण नहीं था। डेमोक्रेटिक पार्टी का एक सरल लक्ष्य ये होना चाहिए कि अनेक अमेरिकियों की आर्थिक कठिनाइयों और संघर्षों का समाधाान हो सके।

# कनाडा हिंदू मंदिर पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

हम आपको बता दें कि हाल ही में विदेश मंत्रालय ने अर्श डल्ला का नाम उन खालिस्तानी आतंकवादियों में शामिल किया था जिनके प्रत्यर्पण के लिए कनाडा से अनुरोध किया गया है। हैल्टन पुलिस ने कहा कि वह मिल्टन में ''गोलीबारी की घटना'' की सक्रियता से जांच कर रही है।

कनाडा में दो बड़ी गिरफ्तारियों की खबर है। एक गिरफ्तारी खालिस्तानी आतंकी की हुई है और दूसरी गिरफ्तारी हिंदू मंदिर पर हुए हमला मामले में की गयी है। मीडिया खबरों के मुताबिक भारत द्वारा आतंकवादी घोषित खालिस्तानी चरमपंथी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को गोलीबारी की एक घटना के संबंध में कनाडा के ओंटारियो प्रांत में संभवतरू गिरफ्तार कर लिया गया है। हम आपको बता दें कि गोलीबारी की यह घटना 28 अक्टूबर को मिल्टन में हुई थी। हैल्टन क्षेत्रीय पुलिस सेवा (एचआरपीएस) ने एक बयान में 29 अक्टूबर को कहा था कि उसने एक जांच के बाद, दो लोगों को गोलीबारी के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों लोग एक अस्पताल गए थे और उनमें से एक गोली से जख्मी था, जिसे बाद में छुट्टी दे दी गई। एचआरपीएस ने उनकी पहचान का खुलासा नहीं किया और कहा कि दोनों आरोपियों को ''जमानत संबंधी सुनवाई तक हिरासत में रखा गया है।'' सूत्रों ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक के बारे में माना जा रहा है कि वह अर्श डल्ला है। डल्ला प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़ा हुआ है और पिछले साल जून में मारे गए आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की ओर से आतंकी मॉड्यूल चलाता था। हाल में विदेश मंत्रालय ने अर्श डल्ला का नाम उन खालिस्तानी आतंकवादियों में शामिल किया था जिनके प्रत्यर्पण के लिए कनाडा से अनुरोध किया गया है। हैल्टन पुलिस ने कहा कि वह मिल्टन में ''गोलीबारी की घटना'' की सक्रियता से जांच कर रही है। बयान में कहा गया, ''28 अक्टूबर 2024 की सुबह गुएल्फ पुलिस ने एचआरपीएस से संपर्क किया, जब दो व्यक्ति वहां एक अस्पताल में आए थे। उनमें से एक का इलाज किया गया और अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दूसरे व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई थी।'' हैल्टन पुलिस ने एक बयान में कहा, ''एचआरपीएस मेजर क्राइम ब्यूरो अब जांच कर रहा है और दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हैल्टन हिल्स के 25 वर्षीय व्यक्ति और सरे बीसी के 28 वर्षीय व्यक्ति, दोनों पर जानबूझकर आग्नेयास्त्र चलाने का आरोप है।'' इससे पहले, रविवार को पंजाब पुलिस ने बताया कि मोहाली के खरड़ से डल्ला गिरोह के दो सदस्यों को एक सिख कार्यकर्ता की हत्या में कथित रूप से संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है।

# पुतिन ने ट्रंप को दे दिया खास आफर, जेलेंस्की समेत पूरे यूरोप में टेंशन

दोनों नेताओं ने यूरोपीय महाद्वीप की शांति के लक्ष्य पर चर्चा की। ट्रंप ने यूक्रेन के युद्ध के जल्द ही समाधान पर चर्चा करने के लिए आगे भी बातचीत जारी रखने में रुचि व्यक्त की। दरअसल, अपने राष्ट्रपति अभियान में ट्रंप ने कहा था कि वो यूक्रेन में युद्ध को 24 घंटे में समाप्त कर देंगे। हालांकि उन्होंने इस बारे में विवरण नहीं दिया कि वो ऐसा कैसे करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामले से परिचित लोगों ने बताया कि ट्रंप ने निजी तौर पर संकेत दिया है कि वो एक ऐसे सौदे का समर्थन करेंगे जिसमें रूस कुछ कब्जा किए गए क्षेत्र को अपने पास रखेगा। ट्रंप ने पुतिन से बातचीत के दौरान संक्षेप में जमीन का मुद्दा भी उठाया। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को लेकर बड़ी खबर सामने आई। वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से जानकारी देते हुए बताया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के दो दिन बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर रूस और यूक्रेन के बीच जंग को लेकर बातचीत की है। इस दौरान ट्रंप ने पुतिन से यूक्रेन के साथ जंग को न बढ़ाने की सलाह दी। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के अधिकारियों को भी ट्रंप और पुतिन के बीच की जानकारी के बारे में बताया गया। हालांकि उन्होंने इस बातचीत पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। ट्रंप ने अपने फ्लोरिडा के रिसार्ट से ही कॉल की थी। ट्रंप ने इसके साथ ही यूरोप में अमेरिकी की बड़ी सैन्य उपस्थिति की भी याद दिलाई। विशेष रूप से पुतिन ने ट्रंप को उनकी चुनावी जीत पर बढ़ाई दी और कहा कि वो उनसे बात करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने मेरिका रूस के संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने यूरोपीय महाद्वीप की शांति के लक्ष्य पर चर्चा की। ट्रंप ने यूक्रेन के युद्ध के जल्द ही समाधान पर चर्चा करने के लिए आगे भी बातचीत जारी रखने में रुचि व्यक्त की। दरअसल, अपने राष्ट्रपति अभियान में ट्रंप ने कहा था कि वो यूक्रेन में युद्ध को 24 घंटे में समाप्त कर देंगे। हालांकि उन्होंने इस बारे में विवरण नहीं दिया कि वो ऐसा कैसे करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामले से परिचित लोगों ने बताया कि ट्रंप ने निजी तौर पर संकेत दिया है कि वो एक ऐसे सौदे का समर्थन करेंगे जिसमें रूस कुछ कब्जा किए गए क्षेत्र को अपने पास रखेगा। ट्रंप ने पुतिन से बातचीत के दौरान संक्षेप में जमीन का मुद्दा भी उठाया। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने रूसी नेता के बधाई संदेश के बाद उनसे बात की, जिसमें उन्होंने बातचीत में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की और अमेरिका–रूस संबंधों के पुनर्निर्माण और संघर्ष को हल करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वाशिंगटन पोस्ट ने एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि दोनों व्यक्तियों ने यूरोपीय महाद्वीप पर शांति के लक्ष्य पर चर्चा की और ट्रम्प ने यूक्रेन के युद्ध के जल्द ही समाधान पर चर्चा करने के लिए अनुवर्ती बातचीत में रुचि व्यक्त की।



# आस्ट्रेलिया पहुंचे विराट कोहली, साथी खिलाड़ियों का करेंगे इंतजार

भारतीय टीम दो बैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि विराट कोहली इन दोनों बैच में नहीं होंगे क्योंकि वह टीम से पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। जी हां, कोहली को शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों के साथ देखा गया था। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम दो बैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि विराट कोहली इन दोनों बैच में नहीं होंगे क्योंकि वह टीम से पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। जी हां, कोहली को शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पत्नी अनुष्का शर्मा और बच्चों के साथ देखा गया था। शायद उसी समय उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की उड़ाने भरी थी। विराट कोहली रविवार शाम ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए थे। टाइम्स ऑफ इंडिया को एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि, विराट कोहली दोनों बैचों से पहले ही रवाना हो गए हैं और पर्थ पहुंच चुके हैं। खिलाड़ियों का एक बैच पहले ही रवाना हो चुका है और दूसरा बैच आज रवाना होगा। 10 नवंबर को रवाना हुआ बैच आज दोपहर ऑस्ट्रेलिया पहुंच जाएगा। वहीं 11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाला भारतीय खिलाड़ियों का दूसरा बैच मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगा। मंगलवार को ही टीम इंडिया का पहला सेशन है। बता दें कि, सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।




# इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर के बेटे ने कराया सेक्स चेंज, आर्यन से बना अनाया, वीडियो हो रहा है वायरल

दरअसल, आर्यन ने अपने 10 महीने के हार्मोनल ट्रांसफोरमेशन की जर्नी सोशल मीडिया पर शेयर की है। हालांकि, वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें अब उसे डिलीट कर दिया है। इंस्टाग्राम रील में 23 वर्षीय आर्यन ने हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के बाद की तस्वीरों के साथ भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली और अपने पिता के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं।टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और बैटिंग कोच संजय बांगर का बेटा आर्यन काफी सुर्खियों में है। दरअसल, आर्यन ने अपने 10 महीने के हार्मोनल ट्रांसफोरमेशन की जर्नी सोशल मीडिया पर शेयर की है। हालांकि, वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें अब उसे डिलीट कर दिया है। इंस्टाग्राम रील में 23 वर्षीय आर्यन ने हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के बाद की तस्वीरों के साथ भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली और अपने पिता के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं। हार्मोनल ट्रांसफोरमेशन के बाद आर्यन ने अपना नाम भी बदलकर अनाया रख लिया है। उनके इंस्टाग्राम पर अभी भी एक पोस्ट उनके ट्रांसफोरमेशन से जुड़ी है। बता दें कि, आर्यन उर्फ अनाया अपने पिता की तरह ही एक क्रिकेटर हैं। वह इंग्लैंड के मैनचेस्टर में रहते हैं और वही ही क्रिकेट खेलते हैं। हालांकि, अभी तक



उन्हें किसी बड़े मंच पर मौका नहीं मिला है। उनके इंस्टाग्राम पर शेयर एक वीडियो में देखने को मिल रहा है कि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। हालांकि, ट्रांसफोरमेशन के बाद उनके क्रिकेट करियर पर पूर्व विराम लग गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में इसके बारे में लिखा है। शरीर में बदलाव और ट्रांस वुमेन के इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने को लेकर नियम कायदे न होना इसका कारण बताया है। आर्यन ने क्रिकेट को छोड़ने का अपना दर्द बयां किया। इस दौरान उन्होंने लिखा कि, छोटी उम्र से ही क्रिकेट हमेशा से मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। बड़े होते हुए, मैंने अपना पिता को देश का प्रतिनिधित्व करते और कोचिंग करते हुए देखा। मैंने उनके पदचिन्हों पर चलने का सपना देखना शुरू कर दिया। खेल के प्रति उनका जुनून, अनुशासन और समर्पण मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक था। क्रिकेट मेरा प्यार, मेरी महत्वाकांक्षा और मेरा भविष्य बन गया। मैंने अपना पूरा जीवन अपने कौशल को निखारने में बिताया है। उम्मीद थी कि एक दिन मुझे भी उनके जैसे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## हेड कोच गौतम गंभीर ने किया केएल राहुल का बचाव, कहा- कितने देशों के पास केएल जैसे खिलाड़ी...


वहीं इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवालों के जवाब दिए। पर्थ में पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वह निजी कारणों के चलते पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। हालांकि, गंभीर ने कहा कि अभी वह इसे लेकर कुछ भी साफ नहीं कह सकते। टेस्ट मैच के आसपास इसका पता चलेगा। 22 नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ईश्वरन का नाम लिया और कहा कि टेस्ट मैच के करीब इसका फैसला होगा। कभी ओपनर तो कभी मिडिल ऑर्डर तो कभी विकेटकीपर के तौर पर भारतीय टीम में खेलने बावजूद प्लेइंग 11 में जगह पक्की न कर पाने वाले राहुल का गंभीर ने बचाव किया। उन्होंने कहा कि कितने देशों के पास राहुल जैसे खिलाड़ी हैं, ये ये सब भूमिका निभा सकते हैं। गंभीर ने ओपनिंग



बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। फिलहाल, इस सीरीज के लिए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई है। वहीं इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवालों के जवाब दिए। पर्थ में पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वह निजी कारणों के चलते पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। हालांकि, गंभीर ने कहा कि अभी वह इसे लेकर कुछ भी साफ नहीं कह सकते। टेस्ट मैच के आसपास इसका पता चलेगा। वहीं रोहित की अनुपस्थिति में कप्तानी कौन करेगा ये सबसे बड़ा सवाल है। गंभीर ने इसका साफ–साफ जवाब दिया कि उपकप्तान जसप्रीत बुमराह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके बाद गौतम गंभीर से ओपनिंग को लेकर सवाल हुआ। उन्होंने केएल राहुल और अभिमन्यु को लेकर सवाल पर कहा कि, केएल राहुल भी मौजूद हैं। अभिमन्यु ईश्वरन भी मौजूद हैं। इसलिए अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट मैच के करीब आकर फैसला करेंगे। ऐसा नहीं कि कोई विकल्प नहीं है। टीम में काफी सारे विकल्प हैं। मध्यक्रम में जगह बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे केएल राहुल अब बैकअप ओपनर हो सकेत हैं। गंभीर ने कहा कि ये उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण है। उन्होंने यही इस व्यक्ति की खूबी है। वह वास्तव में टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी कर सकता है। वह नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकता है। और वह नंबर 6 पर भी बल्लेबाजी कर सकता है। इसलिए आपको इस तरह का काम करने के लिए काफी प्रतिभा की आवश्यतकता होती है।

# गोतम गंभीर ने रिकी पोंटिंग को दिया करारा जवाब, हेड कोच की प्रेस कान्फ्रेंस की बड़ी बातें

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी अपने घर में हाल ही में पाकिस्तान के हाथों 22 साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे सीरीज में हार झेलनी पड़ी। ऐसे में अब दोनों टीमों की नजरें 22 नवंबर को पर्थ में खेले जाने वाले मैच में जीत हासिल करने पर होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस सीरीज से पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में 0–3 से हार झेलनी पड़ी थी। वहीं अब भारत की ऑस्ट्रेलिया के सामने अग्निपरीक्षा है। लेकिन उससे पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, इस दौरान उन्होंने मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। इस खराब प्रदर्शन के बाद बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी अपने घर में हाल ही में पाकिस्तान के हाथों 22 साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे सीरीज में हार झेलनी पड़ी। ऐसे में अब दोनों टीमों की नजरें 22 नवंबर को पर्थ में खेले जाने वाले मैच में जीत हासिल करने पर होगी। वहीं इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोतम गंभीर रोहित शर्मा और विराट कोहली के समर्थन में उतरे हैं। जहां कहा जा रहा है कि, रोहित पर्थ टेस्ट मिस कर सकते हैं, इसके पीछे उनका निजी कारण बताया जा रहा है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं सामने आई है। वहीं गंभीर ने भी रोहित की उपलब्धता पर कुछ कंफर्म नहीं किया है। रोहित की गैरमोजूदगी में बुमराह करेंगे कप्तानी लेकिन गंभीर ने ये जरूर कंफर्म किया है कि रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि, यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन दोनों में से




कोई ओपनिंग कर सकता है। राहुल काफी लंबे समय से नंबर 5 और 6 पर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल से ओपनिंग करवाने पर गंभीर ने कहा कि ये सारे फैसले मैच से पहले होंगे। गंभीर ने रिकी पोंटिंग को दिया जवाब साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली की खराब फॉर्म को लेकर ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को गंभीर ने करारा जवाब दिया हैं। गंभीर ने पोंटिंग को जवाब देते हुए कहा कि आपका भारतीय क्रिकेट से क्या लेना–देना है। उन्हें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के बारे में सोचना चाहिए। रोहित–विराट अविश्वसनीय रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड सीरीज में जो हुआ उसके बाद ड्रेसिंग रूम में बहुत भूख है। गंभीर ने नीतीश–हर्षित की तारीफ की साथ ही गंभीर ने नीतीश–हर्षित की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि, हर्षित रणजी ट्रॉफी में असम के खिलाफ शानदार खेला था। हमें लगा कि उनके पास पर्याप्त गेंदबाजी अनुभव है। हमने सबसे अच्छी टीम का चयन किया। अब आगे बढ़ना है और जरूरत होगी कि नीतीश रेड्डी हमारे लिए कुछ करें। हम सभी जानते हैं नीतीश रेड्डी कितने प्रभावशाली खिलाड़ी हैं।

## अश्वस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट खेलेंगे या नहीं रोह्ति शर्मा, आया बड़ा अपडेट



5 मैचों के तहत बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होगा। लेकिन अगले कुछ ही दिनों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएगी। ताकि वहां के हालत में खुद को बेहतर ढाल सके। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट खेलेंगे और वह टीम इंडिया के साथ ही उड़ान भरेंगे? भारतीय टीम 5 टेस्ट मैचौं की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। दोनों टीमों के तहत 5 मैचों के तहत बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होगा। लेकिन अगले कुछ ही दिनों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएगी। ताकि वहां के हालत में खुद को बेहतर ढाल सके। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट खेलेंगे और वह टीम इंडिया के साथ ही उड़ान भरेंगे? कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित शर्मा जल्द ही पिता बनने वाले हैं। इस कारण वह पर्थ टेस्ट मिस कर सकते हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया जाएंगे, लेकिन पहले टेस्ट में खेलने के आसार कम हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया सीरीज के शुरुआती मैचों में रोहित शर्मा से उपलब्धता के बारे में पूछा गया। जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि ये अभी निश्चित नहीं है, लेकिन देखता हूं आगे क्या होता है। हालांकि, इस वक्त तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि निजी कारणों के चलते वह पर्थ टेस्ट में नहीं खेलेंगे। फिलहाल, पिछले दिनों भारतीय टीम को अपने घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ कर इतिहास रच दिया। इस हार के बाद भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल की राहें बेहद मुश्किल हो गई हैं आअब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में 4 टेस्ट जीतने होंगे।

# रोहित शर्मा को लेकर गौतम गंभीर ने किया बड़ा खुलासा, मीडिया को कह दी ये बात

विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने की चुनौती खड़ी हो गई है। भारतीय क्रिकेट टीम को चौंपियनशिप में जगह बनाने के लिए अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 4–0 से जीतना होगा। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने में सफल होगी। भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में हार गई थी। तीन मैचों में हार के बाद भारतीय टीम के सामने विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने की चुनौती खड़ी हो गई है। भारतीय क्रिकेट टीम को चौंपियनशिप में जगह बनाने के लिए अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 4–0 से जीतना होगा। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में जगह बनाने में सफल होगी। वरना भारतीय टीम का टेस्ट चौंपियनशिप खेलने का सपना टूट जाएगा।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दौरे पर रवाना होने से पहले भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स की है। इसमें उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ियों को लेकर कई सवालों के जवाब दिए है। हाल ही में रोहित शर्मा को लेकर चर्चा है कि वो पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए है। रोहित के संबंध में उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है, मगर उम्मीद है कि वो खेलेंगे। सीरीज शुरू होने से पहले इसकी जानकारी आ जाएगी।भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की है कि अगर रोहित शर्मा 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी करेंगे। मुंबई में रवाना होने से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में गंभीर ने कहा, ष्बुमराह उप कप्तान हैंय यदि रोहित उपलब्ध नहीं हैं तो पर्थ में उन्हें टीम की कमान सौंपी जाएगी।ष भारतीय क्रिकेट टीम का एक बैच 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो चुका है और दूसरा बैच आज रवाना होगा। रोहित टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे, लेकिन कोच ने अभी तक सीरीज के पहले मैच में उनके भाग लेने की संभावना से इनकार नहीं किया है।गंभीर ने कहा, ष्रोहित के बारे में अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है, उम्मीद है कि वह खेलेंगे। हम आपको सीरीज से पहले बता देंगे।

# बदलते मौसम में अगर आपका भी गला बार–बार सूख रहा है, तो न करें नजरंदाज, हो सकती हैं ये बीमारियां

इस बदलते मौसम में गला सूखना, आपके शरीर में होने वाली एक सामान्य सी प्रक्रिया है. अक्सर लोगों को बदलते मौसम में इस तरह की समस्या हो सकती है. गर्मी और ठंड के मौसम के कारण इस समस्या का होना काफी आम होता है. लेकिन अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी–पीएंगे तो ये दिक्कते चली जाएंगी है. वहीं, आपको बार–बार गला सूखने की दिक्कत हो रही है? पानी–पीने के कुछ समय बाद फिर से आपका गला सूख जाता है? तो ऐसे लक्षणों को नजरंदाज न करें. ये कई गंभीर बीमारियों के संकेत भी हो सकते हैं.आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.



इम्यूनिटी कमजोर

इस बदलते मौसम में शरीर में पानी की कमी होने से इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है. खासतौर पर सर्दियों के मौसम में खराब इम्यूनिटी आपको जल्दी बीमार कर सकती है.

बुखार और खांसी

सर्दियों के मौसम में के साथ बुखार भी आम है. डिहाइड्रेशन शरीर का तापमान बढ़ाने में सहायक होता है. ये भी आपके शरीर में पानी कमी होने का कारण हो सकता है. इसके अलावा इस बदलते मौसम में शरीर में पानी कम होने से खांसी की समस्या बढ़ जाती है. इससे आपको ड्राई कफ हो सकता है.

बार–बार गला सूखना

बदलते मौसम में मतलब सर्दियों में लोग पानी कम मात्रा में पीते हैं, जिसके चलते उनका गला सूखने लगता है. गला सूखना से व्यक्ति के गले इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है.

होठों का फटना

सर्दियां आते ही होठों के फटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं, लेकिन इसको सर्दी का ही वजह समझना बिल्कुल ठीक नहीं है. शरीर में पानी की कमी भी होठों का फटना का संकेत होता है.

दांतों और मसूड़ों में दर्द

डिहाइड्रेशन की समस्या के कारण दांतों और मसूड़ों में कमजोरी भी महसूस होती है. अक्सर आपने देखा होगा कि कुछ लोगों को सर्दियों के मौसम आते ही दांतों व मसूड़ों में दर्द होने लगता है, यह समस्या भी शरीर में पानी की कमी का संकेत है.।

# चुकंदर जैसे गुलाबी होंठ चाहिए तो करें ये 4 काम, नहीं पड़ेगी बार–बार लिप ग्लास लगाने की जरूरत

चुकंदर जैसे गुलाबी होंठ पाना हर किसी लड़की की ख्वाहिश होती है. गुलाबी, मुलायम होंठ अक्सर सुंदरता और स्वास्थ्य की निशानी माने जाते हैं. हालांकि, खराब मौसम, डिहाइड्रेशन, जीवनशैली की खराब आदतें और केमिकल युक्त लिप प्रोडक्ट के इस्तेमाल से होंठ काले हो जाते हैं. कुछ महिलाएं स्मोकिंग करती हैं, जिसके कारण भी होंठ काले हो सकते हैं. अब ऐसे में लिपस्टिक और बार–बार लिप ग्लॉस लगाने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं बचता है. ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी आसान से टिप्स जिनको फॉलो करके आप नैचुरली पिंक लिप्स पा सकते हैं.



क्यों काले पड़ जाते हैं होंठ?

जिन लोगों के होंठ पूरी तरह से डार्क हो चुकी हैं उन्हें गुलाबी करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कई महिलाएं ऐसी भी हैं जिसके होंठ बचपन में तो गुलाबी थे, लेकिन वक्त के साथ डिसकलर होने लगे, उनके लिप्स को दोबारा पिंक बनाया जा सकता है. आइए सबसे पहले जानते हैं कि आखिर होंठ क्यों काले पड़ जाते हैं 1. किसी चोट के कारण खून का थक्का बनना 2. विटामिन की कमी 3. लो ब्लड शुगर लेवल 4. साइटोटोक्सिक दवाएं 5. एडिसंस डिजीज 6. प्रेग्नेंसी चुकंदर का रस होठों को गुलाबी बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर के छिलके उतार लें और इसका जूस निकाल लें. इसे अपनी उंगलियों की मदद से अपने होठों पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें. इसे बाद में धो लें. जल्दी रिजल्ट पाने के लिए आप इसे हफ्ते में दो बार दोहरा सकते हैं. चुकंदर में मौजूद नेचुरल बरगंडी रंग आपके होंठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है. ऐलोवेरा और शहद

होठों को गुलाबी करने के लिए अपने घर के गमले से ऐलोवेरा के पत्ते तोड़ें और इसमें से जेल निकाल लें, अब इसे एक कटोरी में शहद के साथ मिक्स करें और होठों पर लगाएं. अब इसे 15 मिनट के लिए छोड़ दें और आखिर में साफ पानी से लिप्स को धो लें. इससे होंठ सॉफ्ट और पिंक हो जाते हैं. हाइड्रेटेड रहें

शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं. इससे होंठों में रूखापन नहीं आएगा और ये फटेंगे नहीं. इसके अलावा लिप्स का डिसकलरेशन भी गायब हो जाएगा.लिप्स को एक्सफोलिएट

लिप्स को एक्सफोलिएट करने के लिए एक नैपकिन या टूथब्रश को गीला करें और धीरे से अपने होठों को हल्के हाथों से रगड़ें. ये डेड स्किन और होठों की सूखी बाहरी परत को हटाता है, साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में भी सुधार करता है. मुलायम गुलाबी होंठों के लिए हमेशा रात में नारियल का तेल लगाएं.

# पुष्पा 2 में श्रीलीला की एंट्री, धांसू पोस्टर रिलीज, अल्लू अर्जुन संग डांस फ्लोर पर लागाएंगी आग



पुष्पा 2 साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है इसीलिए इससे जुड़ी हर एक अपडेट के लिए फैंस उत्साहित रहते हैं. फिल्म दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है इससे पहले फैंस इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. इसी बीच मेकर्स ने एक बड़ी खुशखबरी फैंस को दे दी. पुष्पा 2 में होने वाले स्पेशल डांस नंबर में कोई और नहीं बल्कि श्रीलीला की दिखाई देंगी. पुष्पा द राइज में सामंथा ने अपने शानदार डांस से करोड़ों लोगों का दिल जीता था अब वहीं करिश्मा श्रीलीला दोहराने आ रही हैं.मेकर्स ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर श्रीलीला का एक शानदार पोस्टर शेयर करते हुए स्पेशल डांस में उनकी एंट्री कंफर्म कर दी है. साथ ही गाने का टाइटल भी रिवील कर दिया है. पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन लिखा, टीम पुष्पा 2 द रूल ने किसिक सॉन्ग ऑफ द ईयर के लिए डांसिंग क्वीन श्रीलीला का स्वागत किया. यह सॉन्ग बेहतरीन होगा जिसमें डांस और म्यूजिक का शानदार फ्यूजन होगा. तो तैयार हो जाइए 5 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर में पुष्पा 2 द रूल की भव्य रिलीज.पुष्पा की तरह ही पुष्पा 2 के गाने भी प्रशंसकों को बहुत पसंद आए हैं। अंगारो, सुस्की जैसे गाने प्रशंसकों की पसंद बन गए हैं। अंगारो गाने में तो अल्लू [illegible]

## सिंघम अगेन ने फिर पकड़ी रफ्तार, नवें दिन 200 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म

अजय देवगन स्टारर एक्शन पैक्ड फिल्म सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए हुए है. 1 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म हर रोज करोड़ों का कलेक्शन कर रही है. भूल भुलैया 3 के साथ टकराव के बावजूद सिंघम अगेन की शानदार परफॉर्मेंस बरकरार है. पहला हफ्ता पूरा होते होता फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली थी लेकिन दूसरे वीकेंड पर एक बार फिर सिंघम अगेन का कलेक्शन बढ़ गया है. सैकनिल्क के मुताबिक सिंघम अगेन ने पहले हफ्ते 173 करोड़ रुपए कमाए थे. पहला हफ्ता पूरा होते होता फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली. 8वें दिन भी सिंघम अगेन ने 8 करोड़ रुपए की ही कमाई की थी. वहीं नवें दिन एक बार फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ी और 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है. यानी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म ने 9 दिनों में कुल 192.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी फिल्म सिंघम अगेन भूल भुलैया 3 के साथ थिएटर्स में रिलीज हुई थी. दोनों फिल्में दिवाली पर एक–दूसरे से टकराई थी. हालांकि कलेक्शन के मामले में सिंघम अगेन ने कार्तिक आर्यन की फिल्म को शिकस्त दे दी है. 9 दिनों में जहां सिंघम अगेन ने 192 करोड़ से ज्यादा कमाए हैं तो वहीं भूल भुलैया 3 का कुल कलेक्शन 183 करोड़ रुपए है.वर्कफ्रंट पर अजय देवगन बहुत जल्द फिल्म आजाद में नजर आएंगे. 2025 में रिलीज होने जा रही इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं



# कुबेर से रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी, धनुष के साथ फिल्म में इस किरदार में नजर आएंगी अभिनेत्री

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। रश्मिका के किरदार की झलक पहले ही जारी हो चुकी है, जिसे देख दर्शक उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों के इस उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से रश्मिका का नया पोस्टर जारी किया है।शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में मंदाना मुंबई के बांद्रा–वर्ली सी लिंक ब्रिज की पृष्ठभूमि में मुस्कुराते हुए खड़ी हैं। उनके पहनावे से पता चलता है कि वह एक जमीनी जीवन जीने वाले किरदार को निभा रही हैं और उनके कंधों पर लटका बैग उनकी यात्रा के रोमांच की ओर इशारा करता है।

इससे पहले निर्माताओं ने प्रशंसकों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए घोषणा पोस्ट साझा किया था, जिसमें टीजर रिलीज के बारे में जानकारी दी गई थी। पोस्ट में लिखा था, शेखर कम्मुला की कुबेर की ओर से आपको शानदार दिवाली की शुभकामनाएं। इंतजार लगभग खत्म हो गया है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर धमाकेदार कुबेर का टीजर देखें।

फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततरू एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और ध
ानुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं।सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है। प्रोडक्शन डिजाइनर रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे तकनीकी दल का हिस्सा हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है।



# दिव्यांका त्रिपाठी की द मैजिक आफ शिरी का ट्रेलर जारी, जादू की दुनिया में जाने को हो जाइए तैयार

टीवी की दुनिया से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वालीं एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज श्द मैजिक ऑफ शिरीय को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। मेकर्स ने अब फैंस के इंतजार को खत्म करते हुए इस सीरीज के ट्रेलर को रिलीज कर दिया है, जो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। इस सीरीज के टीजर में एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी जादूगरनी के किरदार में दिखेंगी।

टीवी शो ये है मोहब्बतें में डॉ. इशिता भल्ला का किरदार निभाकर घर–घर में पहचान बनाने वालीं अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी का लुक वेब सीरीज श्द मैजिक ऑफ शिरीय के ट्रेलर में एक दम साधारण है, लेकिन जादूगरनी के वेश में आते ही दिव्यांका काफी मिस्टीरियस लगने लगती हैं। ट्रेलर में दिव्यांका को एक मां और एक पत्नी के रूप में भी दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ शॉट्स में जादूगरनी के नॉर्मल लाइफ के सीन्स भी हैं, जिसमें वह अपने पति और बच्चों के साथ स्कूटर में ट्रैवल करती नजर आ रही हैं। द मैजिक ऑफ शिरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर द मैजिक ऑफ शिरी का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेहरबान, कदरदान, साहिबान, आ रही है शीरी दिखाने असल जिंदगी का जादू।

वहीं, जावेद जाफरी भी इस सीरीज में हैं, जो दिव्यांका की तरह ही एक जादूगर हैं। ट्रेलर में जावेद जाफरी जादूगरनी दिव्यांका की सफलता का विरोध
ा करते नजर आ रहे हैं। इससे साफ हो रहा है कि सीरीज में जावेद जाफरी नेगेटिव किरदार में हैं। इससे पहले, एक पुरस्कार समारोह में दिव्यांका त्रिपाठी ने द मैजिक ऑफ शिरी के लिए अपना उत्साह साझा किया था। उन्होंने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे पूरा यकीन है कि हर कोई इसे पसंद करेगा, और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर इसका आनंद ले सकते हैं।



## नुसरत भरूचा ने खुद को दिया नया शर्श्वट नेम कोल, वजह भी बताई

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने खुद को नया नाम कोल दिया है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है ये भी समझाया है।नुसरत ने इंस्टाग्राम स्टोरीज



पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गोवा में एक परफॉरमेंस के लिए मेकअप करवा रही हैं।क्लिप में वह कहती हुई सुनाई दे रही हैं, मैं रोना चाहती हूं.. मैं 48 घंटों से सोई नहीं हूं और मैं यहां गोवा में हूं और मुझे लगा कि मैं झपकी ले पाऊंगी और तैयार होने से पहले सो पाऊंगी, लेकिन नहीं, अब इवेंट को प्रीपोंड (तय समय से पहले) कर दिया गया है।उन्होंने कहा, मुझे अपने कॉल टाइम से 2 घंटे पहले परफॉर्म करना है। इसलिए मैंने खाना भी नहीं खाया है और मैं तैयार हो रही हूं...मैं यह नहीं कर सकती। मैं सोना चाहती हूं।उन्होंने क्लिप को कैप्शन दिया, मेरा नया पर्सनल शॉर्ट नेम कोल क्राइंग ऑउट लाउड!! पिछले सप्ताह, एक्ट्रेस ने दीपावली मनाते हुए एक हेल्थ अपडेट पोस्ट शेयर किया और कहा कि वह अस्वस्थ हैं क्योंकि उन्हें बुखार, शरीर में दर्द और आंखों में संक्रमण है।

नुसरत ने इंस्टाग्राम पर एक कार सेल्फी शेयर की और बताया कि बीमार होने के बावजूद वह खुद को घसीटकर मीटिंग में ले गईं।

कैप्शन में लिखा था, दीपावली के बाद की स्थिति, सर्दी, बुखार, खांसी, शरीर में दर्द और.. कुछ आंखों का संक्रमण! फिर भी किसी तरह खुद को मीटिंग में ले जा रही हूं!

नुसरत के बारे में बात करें तो, 2002 के टेलीविजन शो किट्टी पार्टी से एक्टिंग शुरू की। उन्हें 2006 में जय संतोषी मां से बॉलीवुड में ब्रेक मिला। वह कल किसने देखा, ताज महल, लव सेक्स और धोखा जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

इसके बाद नुसरत लव रंजन द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी बडी फिल्म प्यार का पंचनामा में दिखाई दीं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, दिव्येंदु शर्मा, रायो एस बखिरता, सोनाली सहगल और इशिता ने एक्टिंग की थी।


उन्होंने आकाश वाणी, सोनू के टीटू की स्वीटी, ड्रीम गर्ल, छलांग, अजीब दास्तां, छोरी, हुड़दंग, राम सेतु, सेल्फी, छत्रपति में काम किया है। 39 वर्षीय एक्ट्रेस को आखिरी बार प्रणय मेश्राम द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर अकेली में देखा गया था।

उनकी अगली फिल्म विशाल फुरिया की हॉरर–थ्रिलर फिल्म छोरी 2 है। फिल्म की शुरुआत वहीं से होती है, जहां 2021 में रिलीज हुई पहली किस्त खत्म हुई थी। हॉरर सीक्वल की कास्ट में अभिनेत्री सोहा अली खान भी शामिल हो गई हैं।

छोरी मराठी भाषा की 2017 की फिल्म लपाछपी की रीमेक थी। इसमें मीता वशिष्ठ, राजेश जैस और सौरभ गोयल भी हैं।

# कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 ने 9वें दिन भी किया कमाल, रूह बाबा ने सिंघम को चटाई धूल

कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज देखने को मिल रहा है. दिवाली के मौके पर रिलीज हुई ये हॉरर–कॉमेडी फिल्म इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी. ऐसे में रिलीज के बाद दर्शक भूल भुलैया 3 को अपना भरपूर प्यार दे रहे हैं. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हर रोज दमदार कलेक्शन कर रही है. दूसरे शनिवार के कलेक्शन में तो भूल भुलैया 3 ने सिंघम अगेन को भी पछाड़ दिया है. सैकनिल्क के मुताबिक भूल भुलैया 3 ने पहले हफ्ते 158.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था. 8वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 9.25 करोड़ रुपए बटोरे थे. वहीं अब नवें दिन कार्तिक आर्यन की फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला है और इसने 15.50 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया है. भारत में भूल भुलैया 3 ने अब तक कुल 183 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है.भूल भुलैया 3 सिनेमाघरों में अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन से टकराई है. दोनों फिल्मों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा. दूसरे शनिवार को भूल भुलैया 3 ने अपने दमदार कलेक्शन के साथ सिंघम अगेन को मात दे दी है. अजय देवगन स्टारर एक्शन–पैक्ड फिल्म ने दूसरे शनिवार को 11.5 करोड़ रुपए कमाए हैं. जबकि कार्तिक की फिल्म ने 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया है. कार्तिक आर्यन के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर इन दिनों मुदस्सर अजीज के डायरेक्शन में बन रही फिल्म पति, पत्नी और वो 2 की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं. वहीं वे अनुराग बसु की मेट्रो– इन डिनो में भी दिखाई देंगे.



## शिवभक्त बनकर फिर तांडव मचाने आ रहे नंदमुरी बालकृष्ण! अखंडा 2 का हुआ एलान

साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और प्रज्ञा जायसवाल ने बोयापति श्रीनु की आगामी प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है. नंदमुरी और बोयापति का यह चौथा कोलैबोरेशन है. मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर फिल्म के टाइटल का अनाउंसमेंट किया है. यह अनाउंसमेंट प्रोजेक्ट के पूजा सेरेमनी के दौरान किया गया है.

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस डायरेक्टर बोयापति श्रीनु ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए पूजा सेरेमनी का आयोजन किया. पूजा में फिल्म के लीड एक्टर नंदमुरी रेड कलर का कुर्ता पहनकर पहुंचे. मेकर्स ने उनका भव्य तरीके से स्वागत किया. दोनों ने पूजा



में भाग लिया. इस दौरान डायरेक्टर ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है. नंदमुरी बालकृष्ण और बोयापति श्रीनु की आगामी फिल्म का टाइटल अखंडा 2रू तांडवम है.

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, बालकृष्ण–बोयापति श्रीनु अखंडा 2 के लिए फिर साथ आए है. नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु, जिन्होंने सिम्हा, लीजेंड और अखंडा के साथ हैट्रिक दी, अब चौथी बार (बीबी4) रू अखंडा 2 के लिए साथ आए हैं. राम अचंता और गोपी अचंता की निर्मित, थमनएस के म्यूजिक और एम तेजस्विनी नंदामुरी प्रस्तुति फिल्मांकन जल्द ही शुरू होगा.

# केट शर्मा ने व्हाइट बिकिनी पहन प्राकृतिक झरने में लगाई आग, एक्ट्रेस की हाटनेस ने फैंस को किया घायल

एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी एक एक तस्वीर सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती है। वहीं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा को एक बार फिर बिकिनी अवतार में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस का दिल कैसे चोरी करना है. आए दिन वे हॉट और सेक्सी तस्वीरों और वीडियो के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं. केट शर्मा ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक हॉट वीडियो शेयर किया है. केट व्हाइट कलर की बिकिनी पहनी है और प्राकृतिक झरने में लुत्फ उठा रही हैं. एक्ट्रेस की हॉटनेस ने इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है टीवी एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस को घायल कर दिया है और वे कमेंट बॉक्स पर जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं.केट शर्मा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं।एक यूजर ने कहा, क्या हॉटनेस है. दूसरे ने लिखा, सही कॉन्फिडेंस है. एक्ट्रेस की पोस्ट पर इस तरह के कमेंट लगातार आ रहे हैं.केट शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरें देने से कभी नहीं झिझकती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों के लिए व्याकुल रहते हैं।केट शर्मा रूहदार और कुछ तो जरूरी है जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।एक्ट्रेस केट शर्मा ने अक्टूबर 2018 में मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई पर मीटू के तहत गंभीर आरोप लगाए थे।



# लघु सेतु एप्रोच का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

ब्यूरों सिद्धार्थनगर

मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत राज्य योजना के अन्तर्गत डी.डी. इटवा बढ़नी के मार्ग पर विगउवा नाला के किमी 37 एवं 38 पर 4 • 6 स्पान लघु सेतु, एप्रोच मार्ग एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, इटवा एवं सम्बन्धित अवर अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उपस्थित रहे मौके पर किमी 37 पर सेतु का कार्य पूर्ण है, सेतु पर आवागमन चालू है, दोनों तरफ एप्रोच



पर लेपन कार्य एवं सुरक्षात्मक कार्य अवशेष है किमी 38 पर सेतु के पिलर कार्य प्रगति पर है स अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

# धर्म परिवर्तन का मामला आया सामने, पुलिस ने किया दो लोगो को गिरफ्तार

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिले के चिल्हिया थानाक्षेत्र के मलिहाडीह गांव के हरिजन टोला मे धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है. पूरा मामले को लेकर शिकायतकर्ता राकेश मिश्रा ने बताया कि रविवार दोपहर को सूचना मिली कि चिल्हिया थानाक्षेत्र के मलिहाडीह गांव मे स्थिति एक मकान मे भारी संख्या मे लोग इकट्ठा है. जंहा विभिन्न तरह के प्रलोभन देकर लोगो को ईसाई धर्म मे परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है. इसी सूचना के बाद हम लोग वंहा पहुँचे और वंहा पूरी स्थिति को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी. जंहा मौके पर पुलिस पहुंची जंहा ढाई तीन सौ लोग एक घर मे इकट्ठा थे वंहा ईसाई धर्म से जुडी बाते व प्रलोभन कि बात बताई जा रही थी. जिसके बाद विश्व हिन्दू महासंघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया. जिसके बाद 2 लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिनसे पूंछताछ की जा रही है. इस मामले को लेकर शोहरतगढ़ सर्कल के सीओ सुजीत कुमार ने बताया कि राकेश मिश्रा ने पुलिस को सूचना दी कि चिल्हिया थानाक्षेत्र के मलिहाडीह गांव मे धर्म परिवर्तन का कार्यक्रम चल रहा है. इनकी तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया है साथ ही 2 लोगो को गिरफ्तार किया गया है. जिनसे पूंछताछ की जा रही है।

# कर्तव्यरूढ़ मतदाता जो मतदान दिवस को निर्वाचन ड्यूटी पर होंगे ऐसे मतदाता 13, 14 एवं 16 नवम्बर को जीआईसी में स्थापित फेसिलिटेशन सेन्टर पर कर सकते है डाकमत्र से मत का प्रयोग

मीरजापुर (आरएनएस)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि विधानसभा 397–मझवां विधानसभा के उप निर्वाचन–2024 हेतु पूर्व में नियत मतदान 13 नवंबर 2024 के स्थान पर 20 नवंबर 2024 नियत किया गया है। जिसके अंतर्गत आवश्यक सेवाओं में कर्तव्यरूढ़ मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान कराये जाने हेतु चुनाव आयोग द्वारा नोटिफाइड सेवाओं में कर्तव्यरूढ़ मतदाता जो मतदान दिवस 20 नवंबर 2024 को निर्वाचन ड्यूटी पर होंगे, उन्हे ही डाक मतपत्र के द्वारा डाक मतदान केन्द्र पर मतदान की सुविधा प्राप्त होगी।उपरोक्त श्रेणी के ऐसे कार्मिक जिनका नाम मतदाता सूची में अंकित हो के द्वारा फार्म–12घ अपने नोडल अधिकारी के माध्यम से बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा। फार्म–12 घ का भाग–2 संगठन, विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जायेगा।आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कार्मिक को मतदान दिवस 20 नवंबर 2024) के दिन ड्यूटी पर होने का विभाग के नोडल अधिकारी का प्रमाण–पत्र फार्म–12 घ के साथ जमा करना होगा। प्रपत्र–12 घ जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय, वेबसाइट, संगठन के नोडल अधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है। संगठन के नोडल अधिकारी द्वारा भी फार्म–12घ जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। चुनाव आयोग द्वारा नोटिफाइड सेवाओं में कर्तव्यरूढ़ मतदाता जो मतदान दिवस 20 नवंबर 2024 को निर्वाचन ड्यूटी पर होंगे, वें राजकीय इण्टर कालेज, महुवरिया मीरजापुर में स्थापित फेसिलिटेशन सेन्टर पर 13, 14 एवं 16 नवम्बर, 2024 को समय पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक डाकमत्र से मत का प्रयोग कर सकते है। यह सूचना प्रारूप–12घ में दिये गये मोबाईल नम्बर पर एसएमएस के द्वारा, अन्य मामलों में डाक या बीएलओ के द्वारा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त यह सूचना सम्बन्धित विभाग के नोडल अधिकारी के माध्यम से, समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा भी दिया जायेगा। जिन्हें इस प्रकार से मतदान की सुविधा का लाभ देकर मतदान की अनुमति प्रदान की गयी है। वे केवल डाक मतदान केन्द्र पर ही उपस्थित होकर मतदान करेगें। मतदान के समय आवश्यक पहचान पत्र मतदाता अपने साथ लेकर आयेगें। यदि कोई ऐसा मतदाता मतदान केन्द्र पर नहीं आता है तो उसे डाक द्वारा मतपत्र नहीं भेजा जायेगा। उपरोक्त विभागों से अनुरोध है कि अपने–अपने विभाग के कर्तव्यरूढ़ मतदाता जो मतदान दिवस 20 नवंबर 2024 को निर्वाचन ड्यूटी पर होंगे, के लिये एक नोडल अधिकारी नामित करने का कष्ट करें।

# फांसी के फंदे से लटकें युवक की हुई मौत, मचा हड़कंप

मीरजापुर (आरएनएस)। मिर्जापुर जिले के पिछले वर्ष नव सृजित थाना संतनगर क्षेत्र में एक पच्चीस वर्षीय युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली है. गांव में इसको लेकर जहां तरह–तरह की चर्चा हो रही है वहीं परिजनों के मुताबिक आर्थिक तंगी और बीमारी की वजह से उसने मौत को गले लगा लिया है. युवक के इस कदम से परिजन भी हतप्रभ हैं। जानकारी के मुताबिक मिर्जापुर जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के शीतलगढ़ ग्राम निवासी शिवा कोल पुत्र ओमप्रकाश 25 वर्ष ने सोमवार की सुबह तकरीबन 5 बजें अपने घर के अंदर बडेर में गमछें से फांसी लगा लिया. कुछ देर बाद परिजनों की नजर जब उस पर पड़ी तो सभी की सांसें टंग गई थीं. परिजनों की चीख पुकार सुनकर मौके पर आसपास के ग्रामीण भी एकत्र हो गए थे. इसी बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी. सूचना पर मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विविध कार्यवाही के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज, मौत की वजह की जानकारी लेने के लिए जांच प्रक्रिया जारी रखे हुए है. दूसरी ओर लोगों का कहना है कि युवक इन दिनों अस्वस्थ होने के साथ ही आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था।

# महिला जन सुनवाई कार्यक्रम 13 नवंबर को

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। महिला उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी की अध्यक्षता में 13 नवंबर को महिला जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे निरीक्षण भवन में आयोजित होगा। इसमें महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी, जिसमें महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों पर चर्चा की जाएगी।बैठक के उपरांत श्रीमती चारू चौधरी पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई करेंगी, जहाँ महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकती हैं। इस सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करना है।जनसुनवाई के बाद माननीय उपाध्यक्ष महिला बंदीगृह, वन स्टॉप सेंटर और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी करेंगी।

# विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई रामायण ज्ञान प्रतियोगिता

## राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की परखी जानकारी

प्रयागराज। राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित रामायण ज्ञान प्रतियोगिता में दो दर्जन विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर उत्साह के साथ मेडल और पुरस्कार जीते।

श्रृंगवेरपुर धाम विकासखंड के ग्राम मलाक बलऊ स्थित एक्सेस इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न रामायण ज्ञान प्रश्नोत्तरी में राधा देवी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों स्नेहा द्विवेदी,आराध्या द्विवेदी और यशी पांडेय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान ऐक्सेस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों अतुल कुमार,हिमांशु त्रिपाठी और लकी कुमार की टीम ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान विपिन चंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता विषय श्रीराम और निषाद राज की मित्रता का सामाजिक संदेश में प्रथम स्थान ऐक्सेस इंटरनेशनल स्कूल के पीयूष पटेल ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान ओंकार पब्लिक स्कूल की नीशू द्विवेदी ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान राधा देवी बालिका इंटर कॉलेज की राधिका कुशवाहा ने प्राप्त किया।

निबंध विमान शास्त्र के प्रणेता भरद्वाज मुनि की विशिष्टता विषय पर प्रथम स्थान राधा देवी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज की रितिका कुशवाहा ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान हीरालाल पटेल इंटर कॉलेज के विद्वान सरोज ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान राधा देवी बालिका इंटर कॉलेज की स्नेहा द्विवेदी ने प्राप्त किया। इसी तरह रामायण में सीता का चरित्र चित्रण विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधा देवी बालिका इंटर कॉलेज की प्रगति ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान ऐक्सेस इंटरनेशनल स्कूल की साक्षी मिश्रा ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान राधा देवी बालिका इंटर कॉलेज की शिवि पांडेय ने प्राप्त किया।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क का मुख्य विकास अधिकारी ने किया अवलोकन

ब्यरो सिद्धार्थनगर

मुख्य विकास अधिकारी, जयेन्द्र कुमार द्वारा पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश) के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, नि०ख०–1, इटवा द्वारा निर्मित सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय आशीष भारद्वाज, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग तथा सम्बन्धित अवर अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नि०ख०–1. इटवा उपस्थित रहे 1.शाहपुर सिंगारजोत मार्ग से बिजवार बढ़ई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार 1.20 कि०मी० लम्बाई में शून्य से लेपन कार्य कराया जाना है स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि मार्ग पर लेपन कार्य पूर्ण है। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया प्राक्कलन के



अनुसार पिच रोड का सत्यापन किया गया 2.मझौवा धोबहा शाहपुर मार्ग से धोबहा धीसाडीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार 1.20 कि०मी० लम्बाई में शून्य से लेपन कार्य कराया जाना है स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि मार्ग पर लेपन कार्य पूर्ण है कार्यस्थल पर सी०आई० बोर्ड लगाया गया है सड़क के बगल में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली गयी है, जिसकी मरम्मत का कार्य अभी तक नही कराया गया है उपस्थित अवर अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस में सड़क की मरम्मत कराकर अवगत कराए मार्ग पर कहीं कही मार्ग के शोल्डर पर मिट्टी पटाई कार्य कराये जाने की आवश्यकता है अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि शोल्डर पर आवश्यकतानुसार पटरी पर मिट्टी कार्य कराना सुनिश्चित करें 3.बरनीजोत रोड़ से बढ़ाईडीह होते हुए नहर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार 1.50 कि०मी० लम्बाई में शून्य से लेपन कार्य कराया जाना है स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि मार्ग पर लेपन कार्य पूर्ण है। कार्यस्थल पर सी०आई० बोर्ड लगाया गया है सड़क के प्रारम्भ में नहर के पास ह्यूम पाइप के समीप मिट्टी पटाई करने के निर्देश दिया गया

# जिलाधिकारी द्वारा धान क्रय केंद्र का किया गया दौरा

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी द्वारा भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र, पी.ई.जी. बर्डपुर एवं राजकीय धान क्रय केन्द्र बी पैक्स हरिवंशपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिकाधिकारी द्वारा नमी मापक यंत्र से चेक किया गया किसान पंजीकरण की स्थिति खराब पाया गया जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानो का पंजीकरण और सत्यापन कराने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो के धान का तौल करके समय से भुगतान करे





जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन केन्द्र प्रभारी 30 किसानो से सम्पर्क करे किसानो से वार्ता कर उन्हें प्रेरित करे कि धान को क्रय केन्द्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करे तथा रजिस्टर में उसका अंकन भी करे इसके साथ ही किसान पंजिका को देखा गया इसके साथ ही निर्देश दिया कि अनुबन्ध किये गये राइस मिल पर समय से धान की कुटाई हेतु भेजना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ, प्रबन्धक पीसीएफ व एआरकोआपरेटिव को निर्देश दिया कि सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को आदेश निर्गत करे कि किसानों से सम्पर्क कर लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय करना सुनिश्चित करे सभी क्रय केन्द्रों पर णान खरीद की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाये जिससे किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ त्रिपाठी, प्रबन्धक पीसीएफ विजय कुमार पाल, व एआरकोआपरेटिव राजेश सिंह, क्रय केन्द्र प्रभारी बर्डपुर आनन्द कुमार, क्रय केन्द्र प्रभारी हरिवंशपुर विनोद कुमार व अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।

# चयनित आपदा मित्रों को लखनऊ में प्रशिक्षण हेतु बस को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मीरजापुर (आरएनएस)। चयनित आपदा मित्रों का मनोबल बढ़ाने एवं लखनऊ बस के माध्यम से भेजने हेतु जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा बस को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशिक्षित आपदा मित्रों द्वारा विभिन्न आपदाओं के अंतर्गत पूर्ण मनोयोग से राहत एवं बचाव कार्य के सकुशल संचालन हेतु जिला प्रशासन का सहयोग किया जाएगा और यह भी अवगत कराया कि यह सभी प्रशिक्षित आपदा मित्र ट्रेनिंग के बाद जनपद में विभिन्न आपदाओं जैसे कि अग्निकांड, बाढ़, भूकंप, डूबना, औद्योगिक दुर्घटना, सड़क दुर्घटना इत्यादि आपदाओं से बचाव के संबंध में जागरूकता इत्यादि सम्बंधित कार्यक्रम का संचालन भी करेंगे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु जनपद से चयनित कुल 95 स्वयंसेवकों को आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा गया है। चयनित स्वयंसेवकों का आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कि निर्धारित रूपरेखा के अनुसार कराया जाएगा।जनपद से भेजे गए कुल 95 स्वयंसेवकों में कई स्वयंसेवक नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड के वालंटियर्स भी शामिल हैं द्य उपरोक्त चयनित 95 स्वयंसेवकों को राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा 12 नवंबर 2024 से 23 नवंबर 2024 तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन वालंटियर संगठनो तथा तहसील स्तर से आपदा मित्रों का चयन कराया गया है। कार्यक्रम में शिव प्रताप शुक्ल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अंकुर गुप्ता जिला आपदा विशेषज्ञ, अनूप सान्तुवाला प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एकमुश्त समाधान योजना के तहत वाहन स्वामी को मिलेगा शत–प्रतिशत लाभ– एआरटीओ

## एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए वाह्न मालिक 05 फरवरी तक कर सकते है आवेदन

कौशाम्बी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग–4 की अधिसूचना में प्राविधानों के अधीन उक्त सूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पूर्व रजिस्ट्रीकृत परिवहन यानों पर संदेय कर के विलम्ब संदाय हेतु शास्ति (पेनाल्टी) के संदाय से शत–प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने का उल्लेख किया गया है। उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम–1997 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन 06 नवम्बर, 2024 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचना दिनांक से पूर्वक रजिस्ट्री परिवहन यान जिन पर संदेय कर के साथ शास्ति (पेनाल्टी) आरोपित है, उन पर सभी प्रकार के वाहनों पर (मांग पत्र प्रेषित वाहन, वसूली प्रमाण पत्र (आर०सी०) निर्गत वाहन तथा अन्य वाहन) शत–प्रतिशत शास्ति (पेनाल्टी) में छूट प्रदान की गयी है। एकमुश्त समाधान योजना–2024 (शास्ति के संदाय में शत–प्रतिशत छूट) की अवधि–06 नवम्बर, 2024 से 05 फरवरी 2025 तक निर्धारित है। निर्धारित अवधि में कोई भी वाहन मालिक कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कौशाम्बी में आवेदन पत्र के साथ 7500 किग्रा० तक सकल भार यान हेतु आवेदन शुल्क–200 रूपए एवं 7500 किग्रा0 से अधिक समस्त सकल भार यान हेतु आवेदन शुल्क–500 रूपए की प्रक्रिया का पालन करते हुए इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत वाहन स्वामी यानों पर बकाया देय करों की कुल धनराशि एकमुश्त जमा करेगा। इस योजना के अन्तर्गत ऐसे परिवहन यान जिन पर अधिसूचना 06 नवम्बर, 2024 जारी होने से पूर्व तक कोई भी पेनाल्टी परिवहन कर पर शास्ति (पेनाल्टी) यदि है, तो उसकी शत–प्रतिशत माफ की जायेगी। परिवहन विभाग कौशाम्बी द्वारा 05 फरवरी, 2025 के पश्चात् शास्ति की छूट हेतु आये हुए किसी भी आवेदन पत्र पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा।

कर बकाया में संचालित पाये जाने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

कसेंदा, (कौशाम्बी)। एयरपोर्ट थानाक्षेत्र में मिशन शक्ति के अन्तर्गत ष्शक्ति दीदी अभियानष् कार्यक्रम का आयोजन बजहा गांव स्थित वीबी गर्ल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में किया गया। जिसके अन्तर्गत छात्राओं सहित सम्मानित महिला शिक्षिकाओं को महिला अपराध, भ्रष्टाचार व विभिन्न सामाजिक अपराधों की रोक–थाम व महिला हेल्प लाइन के संबंध में विस्तार से बताते हुए जागरूक किया गया। एंटी रोमियो की टीम ने महिला हेल्पलाइन के माध्यम से संचालित किए जाने वाले अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत जागरूक कर शक्ति दीदी सम्मान दिया गया। महिला उपनिरीक्षकों पूजा पाल,सोनिका सिंह और सुखबीर सिंह व आरक्षी पूनम वेदी ने संकट के समय में शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के जी कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क है,।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।